उज्जैन
सोमवार
01
जून, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-208
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



कांस में ऐश्वर्या की बॉडी शेमिंग पर बोलीं माधुरी दीक्षित वजन बढ़ने से कामयाबी कम नहीं होती 20 साल से देश का नाम रोशन कर रहीं

पेज- 8

## गाजियाबाद में छात्र की हत्या के आरोपी असद का एनकाउंटर

### आरोपी ने सूर्या से पूछा था- क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गाजियाबाद



गाजियाबाद में 11वीं के छात्र सूर्या चौहान की हत्या का मुख्य आरोपी असद (19) एनकाउंटर में मारा गया। वह शहर छोड़कर भागने की फिराक में था। रविवार तड़के 4 बजे पुलिस ने घेरा तो उसने फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में असद ढेर हो गया। पुलिस ने शनिवार को ही उस पर 50 हजार का इनाम घोषित किया था। मुठभेड़ शहर के वसुंधरा इलाके में हुई।

बकरीद के दिन (28 मई) 17 साल के सूर्या की हत्या हुई थी। नाबालिग दोस्त के मुताबिक, असद ने फोन कर-के सूर्या को बुलाया। साथियों के साथ उसे घेर लिया और चाकू से ताबड़तोड़ वार किए। मारने से पहले उसने सूर्या से पूछा था- क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? आओ, दिखाते हैं। इसका सीसीटीवी भी सामने आया था। वहीं, खोड़ा पुलिस ने दोपहर में 3 आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। फरहान ने पुलिस को बताया, नवाब ने असद को सूर्या की हत्या के लिए उकसाया था। कहा था- बकरीद पर सूर्या की कहानी खत्म कर दो।

### सूर्या की मां बोलीं- असद की लाश की फोटो दिखाओ

एनकाउंटर पर सूर्या की मां ने कहा- असद की लाश की फोटो दिखाओ, तभी मानूंगी कि उसका एनकाउंटर हुआ है। बाकी आरोपियों का भी एनकाउंटर होना चाहिए। दो समुदायों से जुड़े होने के चलते मामले ने तूल पकड़ लिया। यूपी सरकार में मंत्री सुनील कुमार शर्मा सूर्या के परिवार से मिले। उन्होंने कहा- सीएम योगी ने परिवार को 5 लाख रुपए देने ऐलान किया है। पैसे मां के अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए गए हैं। परिवार के एक सदस्य को नगरपालिका में नौकरी भी दी जाएगी।

## प्रदेश में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 44 रु. तक महंगा

### भोपाल में 3116, इंदौर में 3222-ग्वालियर में 3338 में मिलेगा, 3 महीने में 1300 बढ़े

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतें आज से फिर बढ़ गई है। मध्य प्रदेश में यह 44 रुपए तक महंगा हुआ है। भोपाल में अब 3116.50 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। वहीं, इंदौर में 3222.50 रुपए, जबलपुर में 3290 रुपए, ग्वालियर में 3338.50 रुपए और उज्जैन में 3250 रुपए कीमत हो गई है। तीन महीने में रेट करीब 1300 रुपए तक बढ़े हैं। इससे पहले 1 मई को रेट बढ़े थे। सिलेंडर की कीमतें लगातार बढ़ने से खाना महंगा हो गया है। भोपाल में ही खाना 10 से 15 प्रतिशत तक महंगा हुआ है। जुलाई तक प्रदेश में 20 हजार से ज्यादा शादियां होनी हैं, ऐसे में आम लोगों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भोपाल होटल एवं रेस्टोरेंट संघ के अध्यक्ष तेजकुल पाल सिंह पाली ने बताया कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के रेट लगातार बढ़ रहे हैं। यह पहले की तुलना में 60 प्रतिशत तक महंगा हो गया है।



## ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान ने सुप्रीम लीडर को इस्तीफा भेजा

**तेल अवीव।** ईरान में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को अपना इस्तीफा भेजा है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, पजशकियान ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि देश की सत्ता पर अब पूरी तरह इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडरों का कंट्रोल हो गया है। रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि, पजशकियान के मुताबिक फरवरी में अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से उनकी सरकार को बड़े फैसलों में शामिल नहीं किया जा रहा है और वास्तविक नियंत्रण सैन्य नेतृत्व के हाथों में चला गया है।



## मलेशिया में 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट पर रोक

**मलेशिया।** मलेशिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बनाने पर रोक लगाने वाले नए नियम लागू कर दिए हैं। अब फेसबुक, इंस्टाग्राम, टिकटॉक और यूट्यूब जैसे प्लेटफॉर्म को उम्र जांचने की व्यवस्था करनी होगी। 16 साल से कम उम्र के यूजर्स अकाउंट नहीं बना सकेंगे। नियम तोड़ने पर कंपनियों पर 25 लाख डॉलर यानी करीब 24 करोड़ रूपए तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। हालांकि अगर बच्चे किसी तरह नियम तोड़कर अकाउंट बना लेते हैं, तो उनके माता-पिता पर कार्रवाई नहीं होगी। सरकार का कहना है कि यह कदम बच्चों को हानिकारक कंटेंट, साइबर बुलिंग और सोशल मीडिया की लत से बचाने के लिए उठाया गया है।

## कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज पुष्कर आएंगे

**अजमेर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को पुष्कर (अजमेर) आएंगे। वे पुष्कर में चल रहे कांग्रेस के 10 दिवसीय राष्ट्रीय चिंतन शिविर के समापन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। राहुल किशनगढ़ एयरपोर्ट पर उतरने के बाद सीधे पुष्कर के पास तिलोरा में रिसॉर्ट में प्रशिक्षण शिविर में पहुंचेंगे। राहुल शिविर के एक सत्र में राजस्थान के 50 और दिल्ली के 15 जिला अध्यक्षों सहित प्रदेश पदाधिकारियों को संबोधित भी करेंगे। वे शिविर में 10 दिन चले कार्यक्रम की महत्ता की जानकारी देंगे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जयपाल ने बताया- चिंतन शिविर में कुछ जिला अध्यक्षों के परिवार भी पहुंचे हैं।



## सीबीएसई ने मानी ऑनमार्क पोर्टल में सुरक्षा खामियां

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उसके ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम से जुड़े ऑनमार्क पोर्टल में सुरक्षा संबंधी कुछ कमजोरियां पाई गई थीं। हालांकि बोर्ड ने दावा किया है कि इन खामियों को नियंत्रित कर लिया गया है और पोर्टल को पहले से अधिक सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा उपाय लागू किए जा रहे हैं। सीबीएसई की इस स्वीकारोक्ति के बाद डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली और छात्रों के डेटा की सुरक्षा को लेकर चल रही बहस एक बार फिर तेज हो गई है। सीबीएसई द्वारा जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि सार्वजनिक मंचों और विभिन्न माध्यमों से सामने आई सुरक्षा संबंधी चिंताओं पर बोर्ड लगातार नजर बनाए हुए था।

## फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर और अभिनेता जय भानुशाली ने बाबा महाकाल के किए दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में सोमवार तड़के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मधुर भंडारकर, टीवी और फिल्म अभिनेता जय भानुशाली व टीवी अभिनेत्री आरती सिंह दर्शन करने पहुंचे। तीनों ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

तीनों श्रद्धालु तड़के करीब 3 बजे भस्म आरती में शामिल होने के लिए मंदिर पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान वे महाकाल भक्ति में लीन नजर आए। करीब दो घंटे तक आरती में शामिल रहने के बाद उन्होंने



नंदी जी का पूजन-अभिषेक किया और नंदी के कान में अपनी मनोकामना कही।

इसके बाद चांदी द्वार से भगवान महाकाल को पुजारी के माध्यम से जल अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आरती के पश्चात श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत और सम्मान किया गया।

## मध्यप्रदेश में आज से शुरू होगा तबादलों का दौर

### 15 जून तक होंगे आदेश, पीएचक्यू के निर्देश पर जिलों में एसआई के हो रहे ट्रांसफर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

प्रदेश में आज से तबादलों का दौर शुरू हो जाएगा। 15 जून तक सभी विभाग अपने यहां स्वैच्छिक और प्रशासनिक आधार पर अधिकारी, कर्मचारी के तबादले कर सकेंगे।

उधर पीएचक्यू द्वारा 5 जून तक आरक्षक से एसआई तक के तबादले करने के निर्देश के बाद जिलों में एसपी और पुलिस आयुक्तों ने बदलाव शुरू कर दिया है।

दूसरी ओर शिक्षा विभाग समेत कई अन्य विभागों ने एक जून तक जिलों में पदस्थ अफसरों के पूरी डिटेल मांगी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने संविदा पर पदस्थ कर्मचारी अधिकारी से दो जून तक ऑनलाइन आवेदन करने को कहा है। मोहन कैबिनेट ने 20 मई की बैठक में तबादला नीति को मंजूरी दी थी। इसके बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने 22 मई को वर्ष 2026 की तबादला नीति जारी कर दी है।

नौ दिन के अंतराल में सभी विभागों को तबादले से संबंधित तैयारियां करने और विभागीय तबादला नीति जारी करने के निर्देश भी जीएडी ने दिए हैं। इसके बाद अब सोमवार से विभाग तबादला नीति के आधार पर स्थानांतरण आदेश जारी कर सकेंगे।

### जिन विभागों में 200 तक कर्मचारी हैं उनमें 20% तबादले

- तबादला नीति में कर्मचारियों के स्वैच्छिक और प्रशासनिक आधार पर तबादले को लेकर जो व्यवस्था तय की गई है उसके मुताबिक जिन विभागों में 200 तक कर्मचारी हैं उनमें 20% तबादले होंगे।
- जहां 200 से 1000 तक कर्मचारी हैं वहां 15% तबादले किए जाएंगे।
- इसके साथ ही 1000 से 2000 तक की कर्मचारियों की संख्या वाले विभागों में 10% और 2001 से अधिक कर्मचारी संख्या वाले विभागों में पांच प्रतिशत तबादले किए जाएंगे।

## ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं।

इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं।

इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है।

### युवतियों के बीच तेजी से बढ़ती

## धूम्रपान और नशे की प्रवृत्ति ने बढ़ाई स्वास्थ्य विभाग की चिंता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन शहर सहित पूरे प्रदेश में युवतियों के बीच तेजी से बढ़ती धूम्रपान और नशे की प्रवृत्ति ने स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के सर्वे में खुलासा हुआ है कि जिले सहित प्रदेश की हर 100 में से 12 युवतियां सिगरेट और 22 से अधिक युवतियां बीड़ी का सेवन कर रही हैं।

सर्वे के अनुसार धूम्रपान, शराब और अन्य नशीले पदार्थों की ओर भी युवतियों का झुकाव बढ़ गया है। आंकड़े बताते हैं कि प्रदेश की युवतियां अब नशे के मामलों में लडकों की बराबरी करती नजर आ रही हैं। एनएचएम सिगरेट पीने द्वारा किए सर्वे के मुताबिक पिछले सात वर्षों में वाली युवतियों की संख्या 9.3 प्रतिशत और बीड़ी पीने वाली लड़कियों की संख्या 13.1 प्रतिशत तक पहुंच गई है। सर्वे के अनुसार मध्य प्रदेश में हर 100 लड़कियों में से 12 सिगरेट पीती हैं, जबकि 22 से अधिक लड़कियां बीड़ी का सेवन करती है।

**18 से 25 साल के बच्चों पर हुआ सर्वे-** सर्वे के तहत देशभर के 987 स्कूलों के 97 हजार 302 विद्यार्थियों और मध्य प्रदेश के 34 स्कूलों के दो हजार 979 विद्यार्थियों को शामिल किया गया। सर्वे 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच किया गया। इसमें 544 सरकारी और 433 निजी कॉलेज शामिल थे। मध्य प्रदेश से दो हजार 490 विद्यार्थियों की प्रतिक्रियाएं ली गई।

**कूल दिखने की चाह बन रही वजह-** युवाओं में धूम्रपान की शुरूआत का बड़ा कारण खुद को आधुनिक और स्टाइलिश दिखाने की मानसिकता बताई जा रही है। कॉलेज और स्कूल स्तर पर कई छात्र-छात्राएं दोस्तों के प्रभाव में सिगरेट या बीड़ी पीना शुरू करते हैं। धीरे-धीरे यही शौक लत में बदल जाता है और स्वास्थ्य पर गंभीर असर डालता है।



## खबर एक नजर...

### बुजुर्ग को रौंद टोल बेरियर तोड़ भागी पिकअप

**उज्जैन।** उन्हेल मार्ग पर शनिवार-रविवार रात सड़क पार कर रहे बुजुर्ग को लोडिंग पिकअप दूध वाहन ने रौंद दिया। दुर्घटना के चालक पिकअप लेकर भाग और टोल बेरियर तोड़ता हुआ फरार हो गया। बुजुर्ग की मौत होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उन्हेल थाना एसआई सलीम खान ने बताया कि रात में उन्हेल मार्ग पर 60 साल के बुजुर्ग को सड़क पार करते समय लोडिंग पिकअप वाहन ने कुचल दिया था। सूचना मिलने पर पुलिस दुर्घटनास्थल पहुंची और बुजुर्ग को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत होना सामने आया। मृतक की पहचान करने पर सामने आया कि मंदसौर के सीतामऊ में रहने वाला लालूराम पिता मोतीलाल काछी था, जो पिछले डेढ़ साल से उन्हेल मार्ग श्रीजी ढाबे पर काम कर रहा था। लालू काछी की दुर्घटना में मौत होने की खबर मिलने पर ढाबा संचालक शंकरलाल पटेल अस्पताल पहुंच गया था। रात में पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू की तो पता चला कि आगे टोल पर बेरियर तोड़कर चालक पिकअप लेकर फरार हुआ है। एसआई खान के अनुसार वाहन का नम्बर मिला है। जिसके आधार पर तलाश की जा रही है। मृतक के परिजनों को घटना से अवगत कराया गया था। जिनके आने पर रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया है।

### माधवनगर थाने का एसपी ने किया निरीक्षण



**उज्जैन।** रविवार शाम एसपी प्रदीप शर्मा औचक माधवनगर थाने पहुंचे। उन्होने परिसर की व्यवस्थाओं के साथ अभिलेखों के संधारण, अपराध रजिस्टर, मालखाना और महिला सहायता कक्ष का अवलोकन किया। उसके बाद थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया से लम्बित अपराधों की जानकारी लेकर आमजन की शिकायतों का संवेदनशीलता और तत्परता से निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होने थाना स्टॉफ से चर्चा कर कार्यप्रणाली की जानकारी ली और जनता के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर कार्य करने की बात कहीं।

### महाकालेश्वर मंदिर में तैयार हो रहा विजिटर्स फैसिलिटी सेंटर-3

**उज्जैन।** महाकालेश्वर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए 2500 क्षमता का विजिटर्स फैसिलिटी सेंटर-3 (वीएफसी-3) तैयार किया जा रहा है। बड़ा गणेश के पास यह सेंटर श्रावण तक तैयार हो जाएगा। रविवार को कलेक्टर रौशनकुमार सिंह ने सिंहस्थ-2028 को देखते हुए विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। शुरूआत हरसिद्धि चौराहा से की। उन्होंने सबसे पहले वीएफसी-3 का निरीक्षण किया। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ समय में काम पूरा करने पर जोर दिया। इसके बाद महाराजवाड़ा के सामने से 24 खंभा मार्ग तक बनाई जा रही सड़क का जायजा लिया। 24 खंभा से भारत माता पार्किंग तक अवलोकन किया। मंदिर परिसर स्थित प्रीपेड बूथ क्षेत्र से होते हुए नवीन वेटिंग हॉल का निरीक्षण किया। वेटिंग हॉल में वेंटिलेशन, पंखों और अन्य व्यवस्थाएं करने की बात कही। कलेक्टर ने वेटिंग हॉल में उपस्थित श्रद्धालुओं से फीडबैक भी प्राप्त किया। इस दौरान प्रशासक प्रथम कौशिक, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, यूडीए सीईओ संदीप सोनी, सीईओ स्मार्ट सिटी संदीप शिवा आदि उपस्थित थे। महाकालेश्वर मंदिर में प्रवेश के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार हो गया है। पालकी द्वार से एक टनल बनाई गई है जो सीधे महाराजवाड़ा के पास निकलेगी। इस मार्ग का उपयोग पर्व, त्योहार के दौरान किया जाएगा। इस तरह मंदिर में दो टनल हो गई है, जहां से श्रद्धालु सुलभ दर्शन कर सकेंगे। 24 मीटर मार्ग को 24 खंभा मार्ग से जोड़ा भारत माता मंदिर की पार्किंग से महाराजवाड़ा के सामने बनाए जा रहे 24 मीटर चौड़ा मार्ग को 24 खंभा मार्ग से जोड़ दिया है।

**नौतपा के बीच मौसम में आई नरमी के दौरान**

# दिखा दुर्लभ 'सन हेलो', सूरज के चारों ओर बना इंद्रधनुषी घेरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



नौतपा के बीच मौसम में आई नरमी के दौरान रविवार को उज्जैन जिले के बड़नगर में लोगों को आसमान में एक दुर्लभ प्राकृतिक नजारा देखने को मिला। यहां सूरज के चारों ओर इंद्रधनुषी रंगों का एक चमकदार घेरा दिखाई दिया, जिसे वैज्ञानिक भाषा में सन हेलो या सूर्य का प्रभामंडल कहा जाता है। इस दृश्य की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे है।

रविवार को बड़नगर का अधिकतम तापमान करीब 33 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो नौतपा के दौरान सामान्य तापमान से कम रहा। इसी बीच आसमान में सूरज के चारों ओर बना चमकदार घेरा लोगों के आकर्षण का केंद्र बन गया।

बड़नगर के मोबाइल व्यापारी शुभम देवड़ा ने बताया कि सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने आसमान की ओर देखा। वहां सूरज के चारों ओर स्पष्ट रूप से चमकदार घेरा दिखाई दे रहा था। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार ऐसा दृश्य देखा है।

हाल के दिनों में उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, संतकबीरनगर और मेंहदावल के अलावा राजस्थान के बीकानेर और बेंगलुरु सहित देश के कई हिस्सों में भी ऐसा ही दृश्य देखा गया था।

विशेषज्ञों ने सलाह दी है कि सन हेलो का अवलोकन करते समय सीधे सूर्य की ओर लगातार नहीं देखना चाहिए, क्योंकि सूर्य की तीव्र रोशनी आंखों को नुकसान पहुंचा सकती है। इसे कैमरे, सनग्लासेस या अन्य सुरक्षित माध्यमों से देखना अधिक उपयुक्त माना जाता है।

## शहर में खस्ताहाल चैंबर बने हादसों की वजह, कई स्थानों पर ढक्कन टूटे व धंसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में सीवरेज एवं ड्रेनेज चैंबरों की खराब स्थिति आम नागरिकों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का कारण बनती जा रही है। कई स्थानों पर चैंबरों के ढक्कन टूटे हुए हैं, जबकि कई चैंबर सड़क की सतह से नीचे धंस गए हैं। ऐसे हालात दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ा रहे हैं और राहगीरों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर रहे हैं।

शहर के प्रमुख मार्गों पर स्थित कई चैंबर लंबे समय से मरम्मत की प्रतीक्षा कर रहे हैं। चामुंडा माता चौराहा, बुधवारिया पानी की टंकी क्षेत्र तथा अन्य स्थानों पर खस्ताहाल चैंबर वाहन चालकों के लिए जोखिम पैदा कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार इनकी वजह से दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं, इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है।

**चामुंडा माता चौराहे पर बैरिकेड लगाकर किया गया अस्थायी इंतजाम-** चामुंडा माता चौराहे पर सड़क के बीच स्थित एक चैंबर का ढक्कन क्षतिग्रस्त होने से वहां खतरे की स्थिति बनी हुई है। जानकारी के अनुसार कई बार वाहन के पहिए इसमें फंस चुके हैं। दुर्घटना की आशंका को देखते हुए पुलिसकर्मियों द्वारा चैंबर के ऊपर बैरिकेड लगाकर अस्थायी सुरक्षा व्यवस्था की गई है, लेकिन अब तक इसकी मरम्मत नहीं हो सकी है।



**खुले और धंसे चैंबरों से बढ़ रही दुर्घटना की आशंका-** शहर में कई स्थानों पर चैंबरों के ढक्कन खुले पड़े हैं, जबकि कुछ चैंबर सड़क से नीचे धंस गए हैं। विशेषकर रात के समय या यातायात के दबाव वाले क्षेत्रों में ये चैंबर गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। शहर में विकास कार्यों पर बड़े स्तर पर ध्यान दिया जा रहा है, लेकिन जनसुरक्षा से जुड़े छोटे और महत्वपूर्ण कार्यों की उपेक्षा हो रही है। चामुंडा माता चौराहा, फ्रीगंज और बुधवारिया क्षेत्र में स्थित खतरनाक चैंबरों के सुधार की मांग कई बार उठाई जा चुकी है, लेकिन अब तक अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई है।

## अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत



### स्वास्थ्य विभाग ने निरस्त किया लायसेंस, पुलिस दर्ज की एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सड़क दुर्घटना में घायल युवक की निजी एमपी अस्पताल में एक माह पहले मौत हो गई थी। परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाया था। मामले की जांच स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई थी। जिसमें लापरवाही सामने आने पर माधवनगर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन पर केस दर्ज किया है।

इंदौररोड पर 21 अप्रैल की रात सड़क दुर्घटना में प्रताप आंजना निवासी ग्राम करनावद उन्हेल घायल हो गया था। उसे फ्रीगंज स्थित एमपी अस्पताल में भर्ती किया गया था। जिसकी सुबह मौत हो गई थी। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया था और हंगामा किया था। परिजनों की शिकायत पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल ने अस्पताल प्रबंधन की जांच के आदेश जारी किये थे। इस दौरान सामने आया था कि युवक के उपचार में अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही रही थी। जिसके चलते युवक की मौत हुई है। जांच पूरी होने के बाद 18 दिन पहले स्वास्थ्य विभाग ने एमपी अस्पताल का लायसेंस निरस्त कर दिया था और पुलिस को पत्र लिख प्रकरण दर्ज करने के लिये कहा था। पुलिस ने पत्र मिलने के बाद अपनी जांच शुरू की और शनिवार रात मृतक के भाई नवीन आंजना की शिकायत पर अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ धारा 106 का प्रकरण दर्ज कर लिया।

**युवक ने स्वेच्छा से अपनाया सनातन, धर्म बदलने कलेक्टर को दिया था आवेदन**

# धार्मिक क्रिया के बाद सलमान खान से बने शांतनु

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन के गांधी नगर निवासी एक युवक ने स्वेच्छा से सनातन धर्म अपनाते हुए नई धार्मिक पहचान ग्रहण की है। धार्मिक अनुष्ठान के बाद युवक का नया नाम शांतनु रखा गया तथा उन्हें कश्यप गोत्र प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम रविवार को गंगाघाट स्थित मौनतीर्थ आश्रम में संपन्न हुआ।

जानकारी के अनुसार, पूर्व में सलमान खान नाम से पहचाने जाने वाले युवक ने सनातन धर्म अपनाने की इच्छा जताते हुए जिला दंडाधिकारी को आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन में उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया था कि यह निर्णय उन्होंने बिना किसी दबाव, प्रलोभन या जबरदस्ती के अपनी स्वेच्छा से लिया है।





**धर्म प्रवेश की धार्मिक प्रक्रिया संपन्न कराई-** शांतनु ने बताया कि बचपन से ही उनकी सनातन धर्म, उसकी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों में गहरी आस्था रही है। वह समय-समय पर मंदिरों और धार्मिक आयोजनों में शामिल होते रहे हैं तथा सनातन संस्कृति से प्रभावित होकर लंबे समय से इस धर्म को अपनाने की इच्छा रखते थे। मौनतीर्थ आश्रम में डॉ. सुमनानंद गिरी महाराज के सान्निध्य में धर्म प्रवेश की धार्मिक प्रक्रिया संपन्न कराई गई। इस दौरान शिप्रा नदी में दशविधि स्नान, प्रायश्चित कर्म, पंचगव्य सेवन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधानपूर्वक संस्कार सम्पन्न हुए।

**परिवार का समर्थन नहीं मिला-** शांतनु ने बताया कि उन्होंने अपनी इच्छा अपने मित्र पीयूष रघुवंशी के साथ साझा की थी। इसके बाद कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से धर्म प्रवेश की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम के दौरान कई स्थानीय कार्यकर्ता और श्रद्धालु भी उपस्थित रहे। युवक ने बताया कि उनके परिवार में माता-पिता और भाई-बहन हैं, लेकिन इस निर्णय को लेकर उन्हें परिवार का समर्थन नहीं मिला है। फिलहाल उन्हें धर्म प्रवेश की प्रक्रिया में सहयोग करने वाले लोगों का साथ प्राप्त हो रहा है। पेशे से कारीगर शांतनु ने कहा कि उन्हें अपने हुनर और कार्यकुशलता पर भरोसा है तथा वे अपने कौशल के आधार पर सम्मानपूर्वक जीवन-यापन कर सकते हैं। गौरतलब है कि मौनतीर्थ आश्रम पूर्व में भी धार्मिक दीक्षा और संस्कार कार्यक्रमों के कारण चर्चा में रहा है। इस घटना को लेकर स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

उज्जैन
सोमवार
01
जून, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

अथ चेद् बुद्धिजं कृत्वा ब्रूयुस्ते तदबुद्धिजम्।
पापान् स्वल्पेऽपि तान् हन्यादपराधे तथानृजून्॥

**अर्थः** अब यदि बुद्धि प्रयोग से यानी सोच-समझकर अपराध करने के बाद वे तुमसे कहें कि अनजाने में ऐसा हो गया है, तो ऐसे मृथ्याचारियों को थोड़े-से अपराध के लिए भी दण्डित किया जाना चाहिए।

## खबर एक नजर...

### नाबालिग का अपहरण, अप्राकृतिक कृत्य किया

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एक नाबालिग छात्र के साथ अप्राकृतिक कृत्य का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने उसके तीन दोस्तों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक 10वीं के छात्र ने शिकायत में बताया कि गुरुवार रात वह घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान उसके दोस्त गणेश, दिव्यांश और तुषार वहां पहुंचे और उसे घूमने चलने के बहाने रेलवे पटरी के पास ले गए। वहां तीनों ने उसके साथ मारपीट की और कहा कि तू कॉलोनी में ज्यादा दादा बनता है। आरोप है कि इसके बाद गणेश ने कपड़े उतारकर गलत हरकत करने का दबाव बनाया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे ट्रेन के नीचे फेंकने की धमकी दी। पीड़ित के मुताबिक तीनों आरोपियों ने उसके साथ अप्राकृतिक कृत्य किया। मौका मिलने पर वह वहां से भाग निकला। रास्ते में उसने एक दोस्त को पूरी घटना बताई, लेकिन डर के कारण थाने नहीं गया। घर पहुंचने के बाद उसकी मां ने शरीर पर चोट के निशान देखे और पूछताछ की। तब छात्र ने पूरी घटना बताई। इसके बाद परिवार उसे लेकर थाने पहुंचा, जहां तीनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इंदौर में रेप केस से आहत युवक ने किया सुसाइड

**इंदौर।** परदेशीपुरा में रहने वाले एक युवक ने रविवार को जहर खाकर जान दे दी। बताया जाता है कि उसने सुसाइड के पहले कई लोगों को मैसेज किए। शव को पोस्टमार्टम के लिए एमवाय भेजा गया। हीरानगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का नाम विकास (38) पुत्र नंदू निवासी गली नंबर 6 है। विकास ने रविवार को जहर खा लिया था। जान देने के पहले उसने एक युवती को मैसेज किया। उस युवती ने उस पर रेप का केस दर्ज करवाया था। कई मैसेज उसने युवती से जुड़े अन्य लोगों को भी भेजे। इसके बाद कनेक्श्वरी मैदान के यहां जहर खा लिया। पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। परिवार से मिली जानकारी के मुताबिक विकास ने सुसाइड के पहले मुकेश महेले और खुद पर आरोप लगाने वाली प्रेमिका को मैसेज किए। एक अन्य वकील को भी मैसेज किए। इसके बाद उसने अपनी जान दे दी। उसने अपना वीडियो बनाकर भी सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसने मेसेज में सेंधवा के कई पुलिसकर्मियों पर भी प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। विकास के खिलाफ तीन साल पहले युवती ने अपने ब्रॉयफ्रेंड मुकेश के साथ मिलकर रेप का केस दर्ज करा दिया था। इसके बाद लगातार उसे धमकी मिल रही थी। वह कोर्ट पेशी पर भी जाता था।

### सादे कपडो मे महिला पुलिस ने किया भ्रमण

**इंदौर।** महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस लगातार विशेष अभियान चला रही है। इसी क्रम में 30 मई की रात थाना राजेंद्र नगर और राऊ पुलिस ने संयुक्त रूप से ह्यऑपरेशन सीक्रेट मिडनाइटह्न चलाया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं की सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का आकलन करना और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था। पुलिस उपायुक्त जोन-1 नरेंद्र सिंह रावत के निर्देशन में महिला अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की टीम को सादे वस्त्रों में केशरबाग ब्रिज, सिलिकॉन सिटी और स्टार सिटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में देर रात तक भ्रमण के लिए भेजा गया। करीब तीन से चार घंटे तक चले इस विशेष अभियान के दौरान महिला पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया और सार्वजनिक स्थानों पर लोगों की गतिविधियों पर नजर रखी।

### मुख्यमंत्री ने संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर शहर में उत्पन्न जल संकट की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की

# अधिकारियों को दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर पहुंचे। वे अर्जुन बड़ौद स्थित हेलीपेड पट उतरने के बाद सीधे होटल द एक्सोटिका पहुंचे। यहां भाजपा के ग्राम प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने राजबाड़ा पहुंचकर और देवी अहिल्या की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया साथ ही अहिल्या उत्सव समारोह में भी भाग लिया। मुख्यमंत्री ने यहां संभागायुक्त कार्यालय पहुंचकर शहर में उत्पन्न जल संकट की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की तथा अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि 247 जल नियंत्रण कक्ष के माध्यम से प्रतिदिन सुबह एवं शाम जलापूर्ति की समीक्षा की जाए। संकटग्रस्त वार्डों में विशेष जलापूर्ति योजना लागू कर प्रभावित क्षेत्रों को प्राथमिकता के आधार पर राहत प्रदान की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नल सप्लाई के समय में असमानता एवं विसंगतियों को तत्काल दूर करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी क्षेत्रों में संतुलित जल वितरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शासकीय महाविद्यालयों, छात्रावासों एवं अन्य आवासीय संस्थानों में जल उपलब्धता की विशेष चिंता करने के निर्देश दिए। साथ ही जल चोरी एवं मोटरों के माध्यम से अवैध रूप से पानी खींचने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई करने को कहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देश दिए कि शहर की बड़ी जल टंकियों का पूर्ण क्षमता से उपयोग सुनिश्चित किया जाए। निजी एवं नगर निगम के टैंकरों की मिनट-टू-मिनट मॉनिटरिंग की जाए तथा पाइपलाइन लीकेज एवं वितरण हानि को तत्काल सुधारकर जल की बबार्दी रोकी जाए।

### भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी, कार्यकर्ता उसकी सबसे बड़ी ताकत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है और इसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके अनुशासित एवं सिद्धांतनिष्ठ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं की पहचान आदर्श, संगठनात्मक प्रतिबद्धता और अनुशासन से होती है। मुख्यमंत्री रविवार को इंदौर में आयोजित भाजपा के ग्रामीण एवं शहरी जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में भाजपा द्वारा जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य कार्यकताओं को पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों और संगठनात्मक मूल्यों से और अधिक जोड़ना है। डॉ. यादव ने कहा कि वर्तमान में भाजपा की सरकार 17 राज्यों में है, जबकि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के माध्यम से 22 राज्यों में सरकारें कार्य कर रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों को छुआ है और प्रधानमंत्री लगातार जनसमर्थन के साथ निर्वाचित होकर देश का नेतृत्व कर रहे हैं।

**मंत्री-विधायक कार्यक्रम में शामिल हुए-** कार्यक्रम में पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री तुलसीराम सिलावट, शंकर लालवानी, गोलू शुक्ला सहित क्षेत्र के अन्य विधायकगण, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक विशेष रूप से उपस्थित रहे। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर सुशासन, जनसेवा और सांस्कृतिक गौरव की प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी अहिल्याबाई ने न्याय, लोककल्याण और धर्म संरक्षण के आदर्श स्थापित किए, जो आज भी रामराज्य की भावना का अनुभव कराते हैं।

### वीकेंड पर फिर थमा खंडवा रोड

# भेरूघाट-बाईग्राम के बीच 3 घंटे तक ट्रैफिक जाम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

वीकेंड पर खंडवा रोड एक बार फिर थम गया। भेरूघाट-बाइग्राम के बीच 3 घंटे तक ट्रैफिक जाम होता रहा। चार दिन से इस क्षेत्र में बार-बार जाम लग रहा है। लोग परेशान हो रहे हैं।

रविवार सुबह 5 बजे बड़ा कैप्सूल ट्रक बीच सड़क पर खराब हो गया। इससे वाहनों की कतार लग गई। सुबह 8 बजे तक वाहन रेंगते रहे। वहीं खराब सड़क के कारण भी वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है ट्रक खराब होने से सड़क बाधित हुई। ऊपर से वीकेंड पर वाहनों के लोड से स्थिति और ज्यादा बिगड़ गई। एनएचएआई इंदौर-इच्छापुर 6 लेन बना रहा है, लेकिन अभी जो वैकल्पिक रोड है, वह इतनी जर्जर और खराब हो चुकी है कि वहां वाहनों की स्पीड 10 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा नहीं जा रही है, जबकि एनएचएआई की जिम्मेदारी थी कि पहले वैकल्पिक रोड को सुधारा जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। इससे जगह-जगह उखड़ी सड़क, गड्ढे और संकरे हिस्से ट्रैफिक प्रबंधन को और मुश्किल बना रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जाम की बड़ी वजह भारी वाहनों की तकनीकी खराबी व वीकेंड पर ट्रैफिक बढ़ना है।



### 25 हजार पेनाल्टी भरने पर ही मिलेगा रिजल्ट, जून में दोषी स्टूडेंट्स का एग्जाम

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के क्एळ डिपार्टमेंट के हॉस्टल में अर्धनग्न होकर डांस करने और तोड़फोड़ करने के मामले में दोषी स्टूडेंट्स के पेरेंट्स को बुलवाया जा रहा है। अब तक 5 स्टूडेंट्स के पेरेंट्स आ चुके है, इसमें एक ही स्टूडेंट ने 25 हजार रुपए की पेनाल्टी भरी है। आईईटी डायरेक्टर डॉ.प्रतोष बंसल का कहना है कि मामले को गंभीरता से लिया जा रहा है। इसलिए मामले में दोषी स्टूडेंट्स का रिजल्ट रोक लिया गया है। उनका रिजल्ट उन्हें तभी दिया जाएगा जब वे 25 हजार रुपए पेनाल्टी जमा करेंगे। बिना पेनाल्टी के किसी भी दोषी स्टूडेंट को रिजल्ट नहीं दिया जाएगा। हालांकि अभी एक ही स्टूडेंट ने 25 हजार रुपए की पेनाल्टी जमा की है। मामले में दोषी 17 स्टूडेंट्स के पेरेंट्स को भी बुलाया गया है। अब तक 5 स्टूडेंट्स के पेरेंट्स मिलने आ चुके हैं। हॉस्टल में उत्पात मचाने वाले फाइनल इयर के स्टूडेंट्स के एग्जाम के कुछ पेपर बचे थे। उत्पात मचाने के बाद उन्हें एग्जाम भी नहीं देने दी गई थी। अब इन स्टूडेंट्स की एग्जाम 15 जून के आसपास कराई जा सकती है। एग्जाम को लेकर भी प्रबंधन तैयारी में जुटा है। बता दें कि पेनाल्टी लगाने, रिजल्ट रोकने, एग्जाम नहीं देने का निर्णय कमेटी द्वारा लिया गया था।

### कैंसर मिटाने व महिलाओं को जागरूक करने बस के जरिए लगाए जाएंगे कैंप

# गली-गली पहुंचेगी स्क्रीनिंग वैन, जांच व इलाज होगा फ्री

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करने और शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर इसे जड़ से खत्म करने के लिए गली-गली स्क्रीनिंग वैन पहुंचेगी। वैन में मौजूद डॉक्टर ओरल, ब्रेस्ट और सर्विक्स कैंसर की मशीन के जरिए जांच करेंगे। किसी भी तरह की बीमारी मिलने पर इलाज भी करेंगे। सभी जांचें और इलाज मुफ्त होगा।

दरअसल, कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए संस्था उम्मीद ने एक मुहिम की शुरूआत की है। प्रोजेक्ट मां के तहत करीब डेढ़ करोड़ की लागत से हाईटेक बस तैयार की गई है, जो चलते-फिरते आधुनिक क्लिनिक की तरह काम करेगी।



यह वैन गांव-गांव और गलियों में जाकर महिलाओं की कैंसर जांच करेगी। इंदौर के साथ ही प्रदेशभर के अन्य शहरों और ग्रामीण इलाकों में भी बस के जरिए कैंप लगाए जाएंगे। बस में मिलेंगी अत्याधुनिक सुविधाएं बस के अंदर कैंसर क्लिनिक की तरह ही अत्याधुनिक जांचों के लिए मशीनें और सैंपल लेने के लिए सुविधा रहेगी। मोबाइल क्लिनिक में महिलाओं के ओरल कैंसर, सर्विक्स, ब्रेस्ट और ब्लड कैंसर की मुफ्त जांच की जाएगी। कैंसर स्क्रीनिंग के साथ-साथ महिलाओं का सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा। शॉर्ट फिल्म के जरिए करेंगे जागरूक बस में एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है, जिसके जरिए शॉर्ट फिल्म दिखाकर महिलाओं को कैंसर के लक्षणों और बचाव के प्रति जागरूक किया जाएगा। ग्रामीण और पिछड़े इलाकों की महिलाओं को सामान्य भाषा में जानकारी देने के लिए ये फिल्में भी आम बोलचाल की भाषा में बनाई जा रही हैं।

डर दूर करने आध्यात्मिक माहौल संस्था के फाउंडर डॉ. गौरव खंडेलवाल और डॉ. दीपक के. जैन ने बताया आज भी कई लोग कैंसर का नाम सुनकर ही बुरी तरह डर जाते हैं। इसी डर को खत्म करने के लिए बस के अंदर का माहौल आध्यात्मिक और सकारात्मक बनाया गया है, ताकि महिलाएं बिना किसी हिचक और तनाव के जांच करा सकें। हमारा उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं तक इलाज पहुंचाना है, क्योंकि समय पर बीमारी की पहचान होने पर कैंसर का शत-प्रतिशत इलाज संभव हो सके। 3 साल से मिल रही मुफ्त कीमोथैरेपी परियोजना के परामर्शदाता योगेंद्र जैन सांड ने बताया संस्था इससे पहले भी कैंसर पीड़ित सेवा संस्थान के माध्यम से रॉबर्ट नर्सिंग होम में करीब 3 साल से कैंसर मरीजों की सेवा कर रही है। संस्थान में मरीजों की कीमोथैरेपी रियायती दरों पर की जाती है।

## खबर एक नजर...

### विनोद लुल्ला बने राष्ट्रीय सिंधी मंच के जिलाध्यक्ष

**उज्जैन।** राष्ट्रीय सिंधी मंच उज्जैन जिले की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। महेश परियानी के नेतृत्व में संपन्न हुए कार्यक्रम में सर्वसम्मति से विनोद लुल्ला को जिलाध्यक्ष चुना गया है। संस्थापक अध्यक्ष रोशनलाल उत्तमानी, संरक्षक राजकुमार परसवानी, चंदीराम जेठवानी और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक बेलानी की अनुशंसा पर जिला टीम का गठन किया गया है। नवीन कार्यकारिणी में सचिव का दायित्व तुलसी राजवानी और कोषाध्यक्ष का प्रभार रवि डोडानी को सौंपा गया है। इसके साथ ही जेठानंद जयसिंघानी, कमल शाहलानी और सौरभ बेलानी को उपाध्यक्ष, विजय भागचंदानी को सहसचिव और नरेंद्र सबनानी को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में नितिन भिमवानी, मोंटी जीवनानी, कपिल खत्री, यश खत्री, रवि गंगवानी, राजकुमार धर्मदासानी, जितेश खेमानी, दिलीप वाधवानी, राजकुमार केवलरामानी और श्रीकांत नारायणी को टीम में शामिल किया गया है। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक बेलानी ने किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों और मातृशक्ति की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। वरिष्ठजनों में डॉ. सुनील खत्री, ललित लुल्ला और लोकेश आडवाणी मौजूद रहे। वहीं मातृशक्ति के रूप में नीलम खत्री, रिंकू बेलानी, शोभा शर्मा, नेहा मोटवानी, पूजा खेमानी, ज्योति थानी, पलक वाधवानी, लता जीवनानी, हर्ष नानवानी, दीपा नारवानी और दीपा लीलानी ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई और नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं।

### दिग्विजय सिंह चौहान बने लायंस क्लब उज्जैन अशोक के नए अध्यक्ष

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जैन अशोक की मासिक साधारण सभा में आगामी सेवा वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इसमें लायन कुं. दिग्विजय सिंह चौहान को क्लब का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही लायन शशांक भट्ट को सचिव और लायन पंकज गेरा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में अन्य पदाधिकारियों की भी घोषणा की गई।

**अमेरिका की नौकरी छोड़ बच्चों को संस्कारित कर रहे पंडित छाबड़ा देंगे नैतिक शिक्षा, 500 से अधिक ने कराया पंजीयन**

# संस्कारों का बीजारोपण करने वर्धमान ग्रुप का छह दिवसीय बाल युवा संस्कार शिविर कल से

### छह स्तरों में दी जाएगी धर्म और सदाचार की शिक्षा

### निर्विघ्न आयोजन के लिए की गई विशेष पूजा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



बच्चों और युवाओं में नैतिक मूल्यों के विकास के लिए वर्धमान ग्रुप द्वारा 2 से 7 जून तक छह दिवसीय बाल युवा संस्कार शिविर का भव्य आयोजन किया जा रहा है। पूर्णतः निःशुल्क इस शिविर का उद्घाटन रविवार को लक्ष्मीनगर स्थित श्री आदिनाथ जिनालय और ऋषिनगर स्थित कालिदास मांटेसरी स्कूल में होगा। शिविर के लिए अब तक 500 से अधिक बच्चों और समाजजनों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है।

शिविर में युवाओं को संस्कारित करने के लिए अमेरिका की बड़े पैकेज वाली नौकरी छोड़कर आए इंदौर के पंडित प्रकाश छाबड़ा, यंग जैन स्टडी ग्रुप इंदौर और आठ अन्य जैन विद्वान मार्गदर्शन देंगे। सभी कक्षाएं स्मार्ट क्लास और प्रोजेक्टर के माध्यम से संचालित होंगी। पंडित छाबड़ा का मानना है कि मंदिर निर्माण के साथ बच्चों में संस्कारों का निर्माण भी अत्यंत आवश्यक है। संपत्ति से अधिक संस्कारों की सुरक्षा महत्वपूर्ण है क्योंकि विपरीत परिस्थितियों में सती सीता की तरह संस्कार ही काम आते हैं।

वर्धमान ग्रुप के अध्यक्ष हितेश बड़जात्या और सचिव राजेश लुहाड़िया ने बताया कि 2 जून को प्रातः 6:45 बजे आदिनाथ जिनालय में श्रीजी अभिषेक व पूजन होगा। इसके बाद प्रातः 8:00 बजे कालिदास मोंटेसरी स्कूल में ध्वजारोहण व मंगल कलश स्थापना के साथ शिविर का उद्घाटन होगा। ध्वजारोहण विजय और ममता पाटोदी द्वारा किया जाएगा। शिविर के आमंत्रणकर्ता परिवार स्नेहलता और श्रवण कुमार सोगानी, निर्मला, हितेश व मनीषा जैन तथा अशोक, चेतन व अभिषेक राणा परिवार हैं। शिविर के प्रमुख संयोजक प्रतीक चौधरी, अकलंक जैन, सलिल जैन, अखिलेश जैन, धवल दोषी, विवेक जैन और महावीर जैन ने बताया कि शिविर को छह स्तरों में बांटा गया है। प्रतिदिन प्रातः 8:30 से 10:40 तक दो सत्रों में कक्षाएं और प्रश्नोत्तर होंगे। शाम 7:00 बजे से जिनेंद्र भक्ति और रात 8:00 से 9:00 बजे तक विभिन्न कक्षाएं लगेंगी। पहले से पांचवें स्तर तक बाल बोध के तहत दिनचर्या, भोजन शुद्धि, देव दर्शन विधि, पाप, कषाय, सदाचार, पंच परमेष्ठी, आत्मा-परमात्मा, सात तत्व, आठ कर्म, सप्त व्यसन और बारह भावना की शिक्षा दी जाएगी। छठे स्तर में युवाओं और समाजजनों के लिए विशेष कक्षा लगेगी जिसमें चार गति के दुख व उनसे छूटने के उपाय, सम्यक ज्ञान और मुनि दशा का वर्णन प्रोजेक्टर पर किया जाएगा।

ग्रुप के परम संरक्षक संजय पांड्या, जिनेंद्र जैन और स्नेहलता सोगानी के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियां जारी हैं। कोषाध्यक्ष आदिश विनायक ने बताया कि शिविर के निर्विघ्न रूप से सानंद संपन्न होने के लिए पदाधिकारियों ने आदिनाथ जिनालय में भगवान जिनेंद्र का अभिषेक और पूजन किया। इस अवसर पर वर्धमान ग्रुप के चेयरमैन पंकज जैन सहित शिविर प्रभारी शैलेंद्र जैन, राहुल जैन, सलिल जैन, अभिषेक बड़जात्या, अंकित जैन, नितिन जैन, दिवेश सेठी, प्रियंक चौधरी, शैलेश जैन और सुमित जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## चैंपियनशिप में शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का विशिष्ट खेल बहुमान

### राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित और नेशनल रेफरी व्यास का खेल हस्तियों ने शॉल व श्रीफल से किया अभिनंदन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बास्केटबॉल कॉरपोरेशन एरिया उज्जैन द्वारा आयोजित खेलो अस्मिता इंडिया राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के समापन अवसर पर शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके का विशिष्ट खेल बहुमान किया गया। समारोह में उपस्थित खिलाड़ियों, खेल पदाधिकारियों और दर्शकों की करतल ध्वनि के बीच उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

शैलेंद्र व्यास विगत 40 वर्षों से खेल, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक और हास्य मंचों पर अपनी विशिष्ट शैली में सूत्रधार की भूमिका निभा रहे हैं। वे राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित होने के साथ ही बॉडीबिल्डिंग खेल के नेशनल रेफरी भी हैं। मंच कला और खेलों में उनके इसी लंबे योगदान को देखते हुए यह सम्मान दिया गया। समारोह की मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर एवं महाकाल मंदिर की उप प्रशासक सिमी यादव, इंडियन बास्केटबॉल फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी कुलविंदर सिंह गिल, व्यवसायी राहुल यादव, बास्केटबॉल के पूर्व राष्ट्रीय खिलाड़ी शैलेंद्र टाइट्स और कला गुरु पद्मजा रघुवंशी ने शॉल, श्रीफल व आकर्षक मोमेंटो भेंट कर उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का सफल संचालन उज्जैन कॉरपोरेशन एरिया की सचिव व पूर्व इंटरनेशनल बास्केटबॉल खिलाड़ी रितु शर्मा ने किया। अंत में आभार मध्य प्रदेश की प्रथम एनआईएस बास्केटबॉल कोच ज्योति शर्मा ने माना।

**अधिक मास में ढाबा रोड निर्माण से हजारों वैष्णव भक्त दर्शन से वंचित**

## ठेकेदार की मनमानी से आवागमन बाधित, पाइपलाइन फूटने से दर्शनार्थी हो रहे परेशान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सिंहस्थ के मद्देनजर ढाबा रोड पर चल रहे चौड़ीकरण कार्य के कारण पवित्र अधिक मास में हजारों वैष्णव भक्त श्रीनाथजी सहित अन्य प्रमुख मंदिरों के दर्शन से वंचित हो रहे हैं। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के निर्देशों के बावजूद ठेकेदार की लापरवाही के चलते पूरा मार्ग खुदा पड़ा है और मंदिरों तक पहुंचने के सभी रास्ते लगभग बंद हैं।

तीन वर्ष में एक बार एक महीने के लिए आने वाले अधिक मास में दर्शन का विशेष पुण्य माना गया है। कई वैष्णव भक्त तो ऐसे हैं जो प्रभु के प्रत्यक्ष दर्शन के उपरांत ही अन्न-जल ग्रहण करते हैं। ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी की हवेली में सुबह से रात तक विभिन्न मनोरथ के दर्शन होते हैं। वहीं सत्यनारायण मंदिर में नवनारायण की पूजा के चलते दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। इसके अलावा बद्रीनारायण, शेषनारायण और गोवर्धननाथ जी मंदिर भी इसी मार्ग पर स्थित हैं। उबड़-खाबड़ और खुदे हुए रास्ते के कारण दर्शनार्थियों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। कई बार बड़े-बुजुर्ग और महिलाएं यहां गिरकर चोटिल भी हो चुकी हैं।

### रोज फूट रही पाइपलाइन, शाम को लगता है भारी जाम

निर्माण कार्य में बरती जा रही लापरवाही का आलम यह है कि आए दिन पानी की पाइपलाइन फूट रही है। पूरा ढाबा रोड खुदा होने के कारण शाम के समय वाहनों की आवाजाही से भीषण जाम लग जाता है और लोगों को बाहर निकलने का सुरक्षित रास्ता तक नहीं मिलता। ठेकेदार द्वारा श्रद्धालुओं के लिए कोई वैकल्पिक और सुगम मार्ग नहीं बनाया गया है।

भक्तों की इस परेशानी को देखते हुए बैठक जी के ट्रस्टी विट्ठल नागर, मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी, श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल, महिला मंडल और समस्त धर्मप्रेमी जनता ने प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित कराया है। सभी ने प्रशासन से निवेदन किया है कि ठेकेदार को पाबंद कर दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए मार्ग को शीघ्र व्यवस्थित किया जाए ताकि भक्त धर्म लाभ ले सकें। भीषण गर्मी को देखते हुए आज ढाबा रोड स्थित श्रीनाथजी मंदिर में विशेष मनोरथ के तहत चंदन चोली के दर्शन हुए। तपती गर्मी से राहत दिलाने के लिए ठाकुर जी को चंदन का लेप लगाया गया। खराब रास्ते के कारण सैकड़ों भक्त बिना दर्शन किए ही वापस लौट गए, जिससे उनकी धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

# राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन ने जीता ओवरऑल टीम का खिताब

### रविंद्र, पुष्पा, अभय सहित कई खिलाड़ियों ने जीते पदक, पुरुष वर्ग में रचा स्वर्णिम इतिहास

### खिलाड़ियों ने पदकों पर जमाया कब्जा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




ग्वालियर में आयोजित राज्य स्तरीय पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में उज्जैन के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल पुरुष वर्ग की टीम चैंपियनशिप का खिताब जीतकर स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। इसके साथ ही उज्जैन की टीम ने इक्विप्ड चैंपियनशिप में भी सेकंड रनरअप का खिताब अपने नाम किया।

मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रीमंत माधवराव सिंधिया की स्मृति में 30 और 31 मई को ग्वालियर के जीवाजी क्लब में राज्य स्तरीय इक्विप्ड एवं क्लासिक महिला-पुरुष मास्टर्स पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव और सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि टीम की इस बड़ी सफलता में कोच मोहम्मद इमरान की अहम भूमिका रही।

प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने अपने-अपने वर्ग समूह में शानदार प्रदर्शन कर दोहरे पदक अर्जित किए। मास्टर-4 कैटेगरी में रविंद्र सिंह निर ने कुल 205 किलो वजन उठाकर क्लासिक और इक्विप्ड दोनों प्रतियोगिताओं में बेस्ट लिफ्टर का सेकंड रनरअप खिताब और स्वर्ण पदक जीता। महिला वर्ग की मास्टर-2 कैटेगरी में पुष्पा चौहान ने 212.5 किलो वजन उठाकर रजत पदक अपने नाम किया।

इसके अतिरिक्त पुरुष वर्ग में गुलरेज खान, दिलीप गेहलोद, अभय सिंह राठौड़ और मोहम्मद इमरान ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किए। वहीं सौदान सिंह और राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने रजत पदक जीते।

### खेल प्रेमियों ने दी बधाई

खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्था प्रमुख नरेंद्र मालवीय, बलराम यादव, शोएब कुरैशी, अनिल चावंड, आनंद सोलंकी, अरविंद शुक्ला, अभिषेक सिंह राठौड़, अजय जाधव, उमेश पवार, सज्जाद हुसैन, परवेज मोहम्मद, लखन पोरवाल, मयंक जोशी, फईम उस्मानी और मनोज कपासिया आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## खबर एक नजर...

### बड़नगर में अज्ञात कारणों से कबाड़ा गोदाम में लगी आग

**बड़नगर।** शहर के भगवती माता मंदिर मार्ग पर स्थित कबाड़ा गोदाम में शनिवार रात्रि अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग पर नगर पालिका के फायर ब्रिगेड एवं आसपास के लोगो की मदद से काबू पाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भगवती माता मंदिर मार्ग पर शोएब निवासी अडान मोहल्ला का कबाड़ा गोदाम है। जिसमें शनिवार रात्रि को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग लगने की जानकारी पर मौके पर आस पास के रहने वाले एवं नगर पालिका के एक-एक कर चार बार फायर फाइटर पहुंचा और आग पर काबू पाया। आस पास वालो के मुताबिक आग से लाखों रुपए का नुकसान हुआ लेकिन गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

### समाज में विज़ुअल लिटरेसी बढ़ाने के लिए करने होंगे गंभीर प्रयास

**उज्जैन।** अभिनव रंगमंडल की मासिक संवाद श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार शाम कला संवाद का आयोजन किया गया। 'चित्रकला समाज सरोकार और चित्रकार' विषय पर केंद्रित इस आयोजन में कला, समाज, प्रतिरोध, चित्रकारों की आजीविका, चित्रों के मूल्य निर्धारण, कला अकादमियों, आर्ट गैलरीज, कला संरक्षण और बाजार की उपस्थिति जैसे महत्वपूर्ण सवालों पर गंभीर विमर्श हुआ। संवाद में ख्यात प्रयोगधर्मी चित्रकार एवं ग्राफिक डिजाइनर अक्षय आमेरिया ने कहा कि समाज में विज़ुअल लिटरेसी कम हो रही है। इसे बढ़ाने और कला दीघाओं व संवाद में लोगों की उपस्थिति बढ़ाने के सतत प्रयास करने होंगे। कला के प्रति प्रतिबद्धता ही कलाकार की श्रेष्ठता और कला की लोकप्रियता की कसौटी है। जाने-माने चित्रकार और नाटककार मुकेश बिजौले ने कहा कि वे आम लोगों के चित्र बनाते हैं। आदिवासियों के चेहरों में आभिजात्य चमक नहीं बल्कि करुणा की अपील होती है। आम लोग, उनका जीवन, सामूहिकता और मेले-उत्सव ही उनकी कला के सरोकार हैं। उन्होंने बताया कि उनका वैचारिक निर्माण इप्टा प्रलेस में हुआ। प्रसिद्ध चित्रकार एवं कला समीक्षक महावीर वर्मा ने कहा कि कला समाज को परिष्कृत कर मनुष्य का निर्माण करती है। आज की कला समीक्षा की सबसे बड़ी सीमा यह है कि इसे साहित्य से जुड़े लोगों ने लिखा है। चित्रों के मूल्य बाजार तय करता है। चित्र एक बार ही बनता है और इसका पुनरुत्पादन नहीं होता, इसलिए कला अमूल्य है। उन्होंने फिदा हुसैन का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्होंने कला बाजार और गैलरीज को मोड़ने का काम किया।

फनकार क्लब आर्ट गैलरी की प्रमुख वसु गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार प्रो अरुण वर्मा और चर्चित व्यंग्यकार पिलकेंद्र अरोरा ने अपने सवालों से संवाद को विचारोत्तेजक बनाया। अरुण वर्मा ने कहा कि लालित्य माधुर्य और सौंदर्य का समवेत कला है तथा प्रतिरोध कलाकारों का प्रमुख सामाजिक उत्तरदायित्व है। कार्यक्रम में साहित्यकार राजेश सक्सेना ने अक्षय आमेरिया पर केंद्रित अपनी एक कविता भी सुनाई।

# 300 से अधिक प्रतिभागियों ने सीखे आत्मरक्षा के गुर

### परंपरागत लाठी खेल संघ ने ऋषि नगर में बांटे प्रमाण पत्र, 75 वर्षीय लता देवी सहित अन्य प्रशिक्षकों का हुआ सम्मान

### लाठी प्रशिक्षण शिविर का समापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



परंपरागत लाठी खेल संघ मध्यप्रदेश द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित एक महीने का ग्रीष्मकालीन लाठी प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। ऋषि नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर संस्कार भवन में आयोजित समापन समारोह में 300 से अधिक बालक-बालिकाओं, युवाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा व शारीरिक दक्षता का प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी उज्जैन के सचिव अनुराग जैन थे। उन्होंने कहा कि लाठी प्रशिक्षण केवल आत्मरक्षा का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास, साहस और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरस्वती विद्या मंदिर के आचार्य राधेश्याम शर्मा, राष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग संघ भारत के महासचिव शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके और लायंस इंटरनेशनल के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर संजय सक्सेना उपस्थित थे। अतिथियों ने पारंपरिक खेलों के संरक्षण के लिए संघ के प्रयासों की सराहना की।

कार्यक्रम में शिविर को सफल बनाने में विशेष योगदान देने वाली 75 वर्षीय लता देवी मंडोर, कोच लोकेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, पूजा चौहान और मंजू जैन का अतिथियों ने शॉल-श्रीफल से सम्मान किया। संस्था के जिला अध्यक्ष अभिलाष जैन ने अतिथियों का स्वागत कर शिविर की जानकारी प्रस्तुत की। यह आयोजन संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल माहेश्वरी, संस्थापक अरविंद जोशी और संभागीय अध्यक्ष अनिल धर्मे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम में संघ की जिला उपाध्यक्ष करुणा शितोले, सचिव मोना सिंधे, कोषाध्यक्ष नीता रायकवार, सदस्य दीक्षा नरवरिया और अक्षिता यादव सहित प्रशिक्षक और बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। संचालन संघ पदाधिकारियों ने किया और आभार करुणा शितोले ने माना। अंत में शहर में नियमित लाठी प्रशिक्षण शाखाओं का विस्तार कर अधिक से अधिक लोगों को इस पारंपरिक खेल से जोड़ने का संकल्प लिया गया।

### प्रांतीय प्राचार्य / प्रधानाचार्य योजना बैठक संपन्न

# हमारे सामने अनेक चुनौतियां लेकिन उसका समाधान बुद्धिमत्ता से करना चाहिए - मिश्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर




विद्या भारती मालवा प्रांत की योजना बैठक के समापन दिवस में अतिथि के रूप में अखिलेश जी मिश्र (क्षेत्रीय संगठन मंत्री), ब्रह्मानंद पाराशर (सचिव), गोपाल कांकाणी (सचिव), योगेश शर्मा (संगठन मंत्री, विद्या भारती मालवा) तथा भगवानसिंह पंवार (अध्यक्ष, डोंगला प्रकल्प) की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिलेश मिश्र ने कहा की हम जिस परम्परा के वाहक है उस परम्परा को प्रणाम करते हैं, सरस्वती शिशु मंदिर एक संस्था हैं मन खराब करना यह सबसे बड़ा पाप है इसलिए स्वस्थ मन रखने हेतु पंच कोष में मनोनयन कोष का विकास आवश्यक है इसलिए, मन ओर बुद्धि के विकास की कल्पना हमारे संस्थान में है व्यक्ति के बारे में चिंतन करना चाहिए इसलिए हमारे व्यवहार को सहनशीलता से रखना चाहिऐ हमारे सामने अनेक चुनौतियां आती उसका बुद्धिमत्ता से समाधान करना चाहिए आप ने कहा की हम अपने जीवन को जेष्ट से श्रेष्ठ बनाते जाएं इस अवसर पर संगठन मंत्री की सम्मुख मालवा प्रांत के प्रधानाचार्यो एवं प्राचार्यो ने अपने सेवाकाल के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य में समाज का सहयोग हमारे साथ रहता है तथा हमारा कार्य ईश्वरीय कार्य है, जिसका प्रत्यक्ष अनुभव समय-समय पर होता है। इसके पूर्व प्रातः वंदना सत्र में मा. योगेश जी शर्मा ने विद्या भारती के वैशिष्ट्य विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अपने वैशिष्ट्य का सदैव ध्यान रखना चाहिए। जिन वृक्षों की जड़ें कमजोर होती हैं, वे शीघ्र उखड़ जाते तीन दिवसीय योजना बैठक में दस बार सामूहिक दो बार विभाग ओर जिला शः तथा एक बार छात्र संख्या आधार पर सत्रों का आयोजन किया इस प्रकार कुल 12 सत्र लगे जिसमे 234 प्रधानआचार्य/ प्राचार्य ने सह भागिता की तृतीय दिवस का प्रारंभ प्रातः स्मरण योगासन व्यायाम करके किया गया समापन सत्र का प्रारंभ अतिथि द्वारा किया गया अतिथियों का परिचय सत्यनारायण लववंशी (विभाग समन्वयक) द्वारा ,स्वागत संगीता चौहान दीदी एवं सपना दीदी द्वारा किया गया। आभार त्रिलोक तिरोले प्रान्त प्रमुख ग्रामीण शिक्षा विद्या भारती मालवा ने किया उक्त आशय की जानकारी प्रान्त प्रचार प्रमुख महेश विश्वकर्मा ने दी

### म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ने स्थापना दिवस पर देखा तारामंडल में ब्रह्मांड

**उज्जैन।** म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन का स्थापना दिवस रविवार को महानंदा नगर स्थित तारामंडल में उत्साह और पारिवारिक वातावरण में मनाया गया। इस मिलन समारोह में 150 से अधिक सदस्यों, उनके परिवारजनों और विभिन्न एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने तारामंडल में विशेष शो देखा और अंतरिक्ष, ग्रहों व ब्रह्मांड से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारियां प्राप्त कीं। इस शो ने बच्चों सहित बड़ों में खगोल विज्ञान के प्रति नई जिज्ञासा जगाई। इसके बाद सदस्यों ने आपसी संवाद और परिचय के साथ स्थापना दिवस की खुशियां साझा कीं। इस दौरान एसेट मैनेजमेंट कंपनियों के अधिकारियों के साथ उद्योग से जुड़े नवीन विषयों पर अनौपचारिक चर्चा भी हुई। संस्था के मार्गदर्शक अभिलाष जैन और आशीष धारिवाल ने कहा कि संगठन की मजबूती सदस्यों की सक्रिय सहभागिता और निरंतर संवाद पर टिकी होती है।

## अजाक्स का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर

म.प्र. अनुसूचित जाति जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) का कार्यकर्ता सम्मेलन एवं प्रतिभाओं का सम्मान कार्यक्रम संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष मुकेश मौर्य जन संपर्क अधिकारी के मुख्य आतिथ्य एवं प्रांतीय महासचिव संयुक्त संचालक वन विभाग एल गुआटिया के विशिष्ट आतिथ्य तथा संभाग अध्यक्ष अंबाराम बएस, रतलाम जिलाध्यक्ष कैलाश चंद पग्गी, देवास जिला अध्यक्ष नंदराम हरियाले, संभाग उपाध्यक्ष कविता डामोर, जिला संभागीय कोषाध्यक्ष कुणाल वर्मा, संभागीय महासचिव जगन्नाथ सूर्यवंशी, जिला सचिव राकेश भगोरा, पिपलोदा तहसील अध्यक्ष अमरुलाल सोलंकी, मोतीलाल मालवीय मोहनलाल सोनारतीय, भेरूलाल वर्मा, गिरधारी लाल सोलंकी, विशेष आतिथ्य और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विसालय बड़नगर के प्राचार्य आरएस परमार की अध्यक्षता में 30 मई को रविदास समाज मांगलिक भवन में मनाया गया।

अजाक्स जे के मालवीय ने बताया कि प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तत पश्चात जय भीम प्याऊ पहुंचकर सेवा दे रहे दिव्यांग उमेश भाई का पुष्पमाला पहनाकर व नगद राशि देकर सम्मान किया। पदाधिकारियों ने प्रांतीय अध्यक्ष के प्रथम बार शहर आगमन पर जोरदार ढोल धमाको से स्वागत किया।

कार्यकर्ता सम्मेलन व सम्मान कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब और गौतम बुद्ध के चित्रों पर माल्यार्पण पश्चात भारत के संविधान की उद्देशिका के सामूहिक वाचन के साथ हुई। जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने संगठन हित में विचार व्यक्त किए। इसी दौरान कक्षा 10 वीं और 12 वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विधार्थियों का अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया। साथ ही कार्यकम संयोजक पवन कुमार वर्मा को प्रांतीय सचिव नियुक्त कर नियुक्ति पत्र दिया गया। अजाक्स कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन संतोष बारोड़ और रवि कटारिया ने किया। अंत में आभार रणजीत सिंह चौहान ने माना।

# अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश पदाधिकारियों का बड़नगर में हुआ प्रवास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर



संगठन में युवाओं की भागीदारी और वैश्य बंधुओं की राजनीति में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर वैश्य समाज को मजबूत और संगठित करना ही हमारा मुख्य लक्ष्य है। यह विचार अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने शनिवार को अपने बड़नगर प्रवास के दौरान श्री कुंज, व्यास कॉलोनी पर व्यक्त किए।

धारिया ने वैश्य व्यवसायियों को आपस में जुड़ने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आपसी समन्वय से न केवल सामाजिक एकता बढ़ेगी, बल्कि व्यापार व्यवसाय में भी अभूतपूर्व वृद्धि होगी। उन्होंने उपस्थित समाजजनों के साथ नई ऊर्जा के साथ सामाजिक संगठन को मजबूत बनाने संबंधी विचारों को साझा किया।

महासम्मेलन की बड़नगर इकाई द्वारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कुलदीप धारिया कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, अरविंद जैन प्रदेश संगठन मंत्री, संजय मेहता संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष का दुपट्टा पहनाकर एवं पुष्पमाला अर्पित कर स्वागत-सत्कार किया गया।

साथ ही वैश्य समाज को प्रदेश एवं संभाग स्तर पर अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से संगठन में नवीन नियुक्तियाँ की गई। जिसमे प्रदेश मंत्री डॉ. वासुदेव काबरा, संभागीय महामंत्री मनीष पोरवाल, संभागीय उपाध्यक्ष मनोज बाकलीवाल, संभागीय संगठन मंत्री गजेंद्र सकलेचा को नियुक्त किया गया। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्प माला से स्वागत किया गया।

साथ ही अतिथियों द्वारा संस्था के अध्यक्ष वनीषराज कटारिया का कांग्रेस मंडलम अध्यक्ष नियुक्त होने पर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष वनीषराज कटारिया ने दिया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी विष्णु पोरवाल, राजकुमार पोरवाल, अंकित खाबिया, संजय पोरवाल, अर्पित पोरवाल, निलेश काला आदि उपस्थित रहे।

## खबर एक नजर...

### ग्वालियर चम्बल परिवार द्वारा श्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शंखनाद हुआ

नीमच। ग्वालियर चंबल परिवार के तत्वाधान मेंश्रीमद् भागवत ज्ञान गंगा का शंखनाद रोटरी क्लब के सामने स्थित गंगेश्वर महादेव मंदिर से सुबह ९बजे अमृत मंगल कलश यात्रा से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य प्रमुख मार्गो से होते हुए स्कीम नंबर ३६ ए में स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पहुंची जिसमें महिलाओं ने लाल चुनरी एवं पुरुष सदस्यों द्वारा सफेद कुर्ता पजामा एवं केसरिया साफा बांधकर निकाली गई जिससे पूरा शहर भगवा रंग में रंगकर भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा में सम्मिलित हुई नगर की प्रथम नागरिक श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा, संतोष चोपड़ा, समाजसेवी, वासुदेव गर्ग, समाजसेवी, आदित्य मालू, सांसद प्रतिनिधि एवं उपाध्यक्ष अतिथि के रूप में सम्मिलित रहे । ग्वालियर चंबल परिवार के सदस्यगण राधा मोहन शर्मा, दीवान सिंह चौहान, शिशुपाल गौड़, सचिंद्र शर्मा, वीरेंद्र दुबे, सुरेंद्र सोनी, अनुराग गुप्ता, सुधांशु खरे, विनोद त्रिपाठी मनोज त्रिपाठी, लाखन सिंह मौर्य, एवं ग्वालियर चंबल परिवार के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

### सामाजिक संस्था कृति का चित्रकला प्रशिक्षण शिविर आज से

नीमच। शहर व क्षेत्र की प्रसिद्ध साहित्यिक, सांस्कृतिक, सामाजिक संस्था 'कृति'द्वारा बच्चों की रचनात्मकता को नए पंख देने के लिए सात दिवसीय चित्रकला प्रशिक्षण शिविर,का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार 1 जून 2026 से 7 जून 2026 तक नन्हे बच्चों को रंगों से खेलना और अपनी कल्पनाओं को कागज पर उतारने का विशेष प्रशिक्षण देने हेतु प्रशिक्षक ज्योतिका अग्रवाल,दीपक भट्ट,,तोषी वाघे खान, एवम रचना ओझाचित्रकला के गुर सिखाएंगे । शिविर 1 जून से 7 जून तके प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तके प्रज्ञा माध्यमिक विद्यालय गायत्री शक्तिपीठ पर आयोजित किया जाएगा। शिविर व्यवस्था प्रमुख कमलेश जायसवालने सभी अभिभावकों व चित्रकला प्रेमी परिजनों से अनुरोध किया है कि इन छुट्टियों में बच्चों की प्रतिभा को निखारने के लिए अपने बच्चों को रंग और ड्राइंग बुक लेकर अवश्य भेजें ।

### शुद्धिकरण अभियान के 126वें दिन नदी से निकाली गंदगी

मंदसौर। शिवना शुद्धिकरण जनअभियान के 126वें दिन श्रमदानियों ने उत्साह के साथ नदी किनारे से गाजर घास हटाई और जल से एक ट्रॉली कचरा बाहर निकाला। इस अवसर पर विधायक श्री विपिन जैन ने कहा कि 126 दिनों के निरंतर श्रमदान से शिवना नदी अब स्वच्छ और सुंदर दिखने लगी है। उन्होंने बताया कि आगामी वर्षा ऋतु में नदी तट पर व्यापक पौधारोपण किया जाएगा। विधायक जैन ने शहरवासियों से प्रत्येक रविवार प्रातः 7 से 9 बजे के बीच श्रमदान करने की अपील की। अभियान के दौरान समाजसेवी भूपेंद्र गोराना और ममता गोराना ने विधायक को उनका बनाया रेखाचित्र भेंट कर सम्मानित किया।

---

### वार्ड 9 की 4 अनाधिकृत कॉलोनी की सड़क निर्माण का भूमि पूजन संपन्न

# विकास कार्यो के लिए समर्पण का भाव होना अति आवश्यक -मंत्री चेतन्य काश्यप

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम

विकास कार्य करवाये जाने हेतु नगर के प्रति समर्पण का भाव होना अति आवश्यक है, यह भावना नगर के प्रत्येक नागरिकों में होना चाहिये ताकि रतलाम नगर ओर अधिक तेजी से विकसित हो।उक्त उद्गार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने वार्ड क्रमांक ९ की अनाधिकृत कॉलोनी क्रमशः तिरूपति नगर, दीपक नगर, प्रियदर्शनी नगर व कस्तुरबा नगर गृह निर्माण समिति में 1.50 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण कार्य के भूमि पूजन के अवसर पर व्यक्त किये।

उन्होने कहा कि ऐसे नागरिक जिन्होने अवैध व अनाधिकृत कॉलोनियों में मकान बनाने हेतु प्लॉट क्रय किये है उसमें नागरिक की गलती नहीं है, उन्होने अपनी खून-पसीने की कमाई उसे खरीदा है, अवैध-अनाधिकृत कॉलोनी बनाना कॉलोनाईजर की गलती है। कॉलोनाईजर द्वारा काटी गई



अवैध/अनाधिकृत कॉलोनी के निवासी वर्षो से मूलभुत सुविधाओं के अभाव में रह रहे थे जो अनुचित है। अब इन कॉलोनीवासियों को सभी मूलभुत सुविधाऐं उपलब्ध होगी। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि 1500 हेक्टेयर में इण्डस्ट्रीयल कॉरीडोर 450 करोड़ की लागत से विकसित हो रहा है साथ ही इस हेतु २०० करोड़ की लागत पावर सब वे स्टेशन भी बनेगा। साथ ही सज्जन मिल की सभी देनदारियां शीघ्र पूर्ण की जाकर इस भूमि को शासन के अधीन लिया जायेगा।

महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर पर कहा कि केबिनेट मंत्री श्री काश्यप के नेतृत्व रतलाम नगर दिन दोगुनी व रात चौगुनी तरक्की कर रहा है, रतलाम नगर के नागरिकों नित नई सौगाते मिल रही है। अवैध व अनाधिकृत कॉलोनियों में सड़क निर्माण के कार्य 6 माह में पूर्ण कर दिये जायेंगे। उन्होने इस अवसर पर नागरिकों से आव्हान किया कि वे विकास व्यय नगर निगम में अवश्य जमा करायें यह राशि आपकी कॉलोनियों में ही विकास कार्यो में व्यय की जायेगी साथ ही रतलाम नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में भी अपना योगदान दें। भाजपा जिलाध्यख प्रदीप उपाध्याय ने इस अवसर पर कहा कि केबिनेट मंत्री श्री काश्यप व महापौर श्री पटेल 1 ओर 1 ग्यारह की तर्ज पर कार्य करते हुए रतलाम नगर का तेजी से विकास कर रहे हैं जो प्रशंसनीय है। पूरे नगर में पक्की सड़कों का जाल सा बिछ गया है, रतलाम नगर में विकास की गंगा बह रही है। निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अवैध व अनाधिकृत कॉलोनियों की कोई भी सड़कें अधूरी नहीं रहेगी। नगर की 80 प्रतिशत कॉलोनी में मूलभुत सुविधाऐं सड़क, पानी व बिजली उपलब्ध हो चुकी है शेष 20 प्रतिशत कॉलोनियों में भी तेजी से कार्य किया जायेगा।भाजपा जिला कोषाध्यक्ष पवन सोमानी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि वार्ड 9 की अनाधिकृत कॉलोनियों के निवासी विगत लम्बे समय से मूलभुत सुविधाओं की राह देख रहे थे।

---

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती कांग्रेस ने श्रद्धा के साथ मनाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मल्हारगढ

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने रविवार को पूर्ण श्रद्धा के साथ मनाई।सर्वप्रथम देवी अहिल्याबाई की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती हर साल 31 मई को मनाई जाती है। 18 वी शताब्दी में मालवा साम्राज्य की यह महान ओर न्यायप्रिय रानी अपनी प्रजा के कल्याण महिला सशक्तीकरण ओर देशभर में मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए भारतीय इतिहास में सदैव एक आदर्श ब प्रेरणा स्त्रोत मानी जाती है। ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर को समझने के लिए हमे आज से तीन शताब्दी पीछे अपने मानस में एक ग्रामीण धनगर जाती की बालिका को लाना पड़ेगा।धनगर यह भारतीय जाती है जो मुख्यतः महाराष्ट्र में निवास करती है जिसका मुख्य पेशा भेड़, बकरियो को पालना है।१८ वी सदी में पूर्वार्द्ध 31 मई 1725 में महाराष्ट्र के अहमद नगर के जिले के चोंडी नामक ग्राम में मानकों के शिंदे व पत्नी सुशीला बाई शिंदे के घर इस तेजस्वी कन्या का जन्म हुवा।मानकों जी उस समय गांव के पटेल थे।वह आर्थिक रूप से समृद्ध नही थे लेकिन वह अच्छे नैतिक,चरित्र,धर्मपरायण ओर सुसंस्कृत व्यवहार जैसे गुणों से समृद्ध थे अपने नाम के अनुरूप ही अहिल्याबाई समस्त के दोष से रहित थी।

---

### श्राविका संघ की धार्मिक बैठक में धर्म चर्चा और जीव दया का संदेश

**मंदसौर।** सकल स्थानकवासी श्राविका संघ मंदसौर द्वारा आयोजित धार्मिक बैठक में श्राविकाओं ने धर्म और जीवन दर्शन पर चिंतन किया। कार्यक्रम में श्रीमती शशि मारू ने 225 बोलज जैसे जटिल धार्मिक विषयों को सरल कहानियों के माध्यम से समझाया। अगले क्रम में मीनाक्षी मेहता ने च्यंडित मरणज के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि रेखा रातडिया ने भीषण गर्मी में बेजुबान जीवों की रक्षा के लिए व्यावहारिक उपाय बताए। इस अवसर पर जैन दिवाकर संगठन समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता जारोली विशेष रूप से उपस्थित रहीं और आयोजन की सराहना की। पाठ्यक्रम मार्गदर्शन के लिए गुलाबपुरा से शशि दुग्गड और सुनीता सुराणा भी पधारीं। भीषण गर्मी के बावजूद लगभग 160 महिलाओं ने इसमें भाग लिया। अंत में प्रभावना वितरित की गई और रेखा रातडिया ने

# 20 किलो ब्राउन शुगर के साथ 5 आरोपी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंदसौर

नईआबादी मंदसौर थाना पुलिस ने सुनियोजित तरीके से कार्रवाई करते हुए एक अंतर्राज्यीय ड्रग्स तस्कर गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी फिलहाल फरार है।

पकड़े गए तस्करों के कब्जे से 20 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ (ब्राउन शुगर/स्मैक), तस्करी में इस्तेमाल की जा रही दो चार पहिया गाड़ियाँ और सात मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। एसपी विनोद कुमार मीणा ने प्रेसवार्ता में उक्त मामले का खुलासा किया। जिस अनुसार नई आबादी पुलिस को 31 मई को इस तस्करी के संबंध में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी। सूचना मिलते ही एसपी श्री मीणा द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस विशेष टीम ने



रणनीतिक रूप से घेराबंदी करते हुए संदिग्ध वाहनों को रोका और तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में यह अवैध ड्रग्स बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तस्करी और पायलटिंग में प्रयुक्त कुल दो चार पहिया वाहन (एक सुजुकी एस क्रॉस कार और एक हुंडई क्रेटा कार) व सात मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं। पुलिस अब इन मोबाइलों का तकनीकी और साइबर विश्लेषण करवा रही है, ताकि गिरोह से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।

पकड़े गए आरोपियों में गिरफ्तार आरोपियों में हेमंत (50) पिता पूनम चंद्र वर्मा निवासी सृष्टि परिसर भानगढ़ का रोड इंदौर, मोना (48) पति स्व. रमेश सेन निवासी नंदा नगर पाटनीपुरा इंदौर, राहुल (३६) पिता लक्ष्मण लाल मीणा, जितेंद्र उर्फ कारू (35) पिता मांगीलाल मीणा दोनों निवासी माली खेड़ा प्रतापगढ़ राज., सुभाष उर्फ पिंटू (46) पिता भंवरलाल नाहर जाति गुर्जर निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रतापगढ़ राज है। इस मामले में प्रतापगढ़ का ही रहने वाला एक अन्य आरोपी अजीज उर्फ एजाज फिलहाल फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि यह गिरोह अंतर्राज्यीय स्तर पर सक्रिय होकर बड़े पैमाने पर नशीले पदार्थों की तस्करी में संलिप्त था।

# ग्वालटोली तलैया बनेगा शहर का सबसे सुंदर पर्यटक स्थल

### नपा अध्यक्ष ने सीएमओ व पार्षदों के साथ किया कार्य का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ नीमच

वर्तमान समय में नीमच शहर के विकास मे जहाँ शहर के सिटी फोर लेन सडक सहित अन्य सड़कों का विकास कार्य द्रुत गति से जारी है द्य वही अब नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के नेतृत्व में शहर में चल रहे विकास कार्यो मे इंदिरा नगर के समीप स्थित ग्वाल टोली तालाब ऐसे आकर्षक स्थल के रूप में तैयार होने जा रहा है जो शहर का सबसे खूबसूरत पर्यटक स्थल होगा।



शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा ने सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया व पार्षदों के साथ अमृत योजना के अंतर्गत सवा करोड रुपए की लागत से निमार्णाधीन इस वाटर बॉडी प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया और नपा इंजीनियर तथा ठेकेदार को कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान पार्षद श्री हरगोविंद दीवान,श्री दुर्गा शंकर दशाना ,श्री मुकेश पोरवाल,नपा इंजीनियर श्री दीपक मुवेल भी निरीक्षण में साथ थे।

नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि अमृत योजना के अंतर्गत सवा करोड रुपए की लागत से बनने वाले वाटर बॉडी प्रोजेक्ट के तहत यहां पर आकर्षक फव्वारा, रिटर्निंग वॉल,पिचिंग वर्क,पाथवे निर्माण, पेवर ब्लॉक,सुंदर लाइटिंग, वृक्षारोपण के तहत विभिन्न प्रजाति व फूलों वाले 700 पौधो का रोपण, रेलिंग, सुंदर कुर्सियां सहित अनेक सुविधाए उपलब्ध कराई जाएगी जिससे शहर वासियों को मॉर्निंग वॉक एवं परिवार सहित समय बिताने के लिए बहुत ही सुंदर रमणीय स्थल उपलब्ध हो सकेगा। श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि इसी के पास रिक्त पड़ी जमीन पर नमो पार्क भी प्रस्तावित है, इसके टेंडर भी निकल चुके हैं जिससे शहर वासियों को इस पर्यटक स्थल के साथ-साथ सुंदर गार्डन की भी सौगात मिल सकेगी. श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि तालाब का गहरीकरण भी चल रहा है, अगर तालाब में पानी अच्छा रहा तो हम मोटर बोट चलाने का भी प्रयास करेंगे, श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि वाटर बॉडी प्रोजेक्ट के तहत रिटर्निंग वॉल एवं पिचिंग का कार्य पूर्ण होकर पाथवे निर्माण का काम चालू हो चुका है और हमारा पूरा प्रयास है कि 2 माह के अंदर वाटर बॉडी प्रोजेक्ट का कार्य पूर्ण होकर जल्द ही शहर वासियों को खूबसूरत पर्यटक स्थल की सौगात प्राप्त हो सके।

# ऑपरेशन क्लीन के तहत रतलाम पुलिस की कार्रवाई- कांबिंग गश्त कर गुंडे-बदमाशों, वारंटियों एवं असामाजिक तत्वों पर कसा शिकंजा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने तथा विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार आरोपियों एवं वारंटियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस महानिदेशक, पुलिस मुख्यालय भोपाल के निदेर्शानुसार पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अमित कुमार (भा.पु.से.) के नेतृत्व में जिलेभर में ऑपरेशन क्लीन अभियान सतत रूप से संचालित किया जा रहा है।

इसी क्रम में दिनांक 30-31 मई 2026 की दरमियानी रात्रि से प्रातःकाल तक जिले के सभी अनुभागों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में व्यापक कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान प्रशिक्षु आईपीएस श्री वैभव प्रिय,



प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक रतलाम श्री अजय सारवान, एसडीओपी रतलाम श्री किशोर पाटनवाला, नगर पुलिस अधीक्षक जावरा श्री युवराज सिंह चौहान, एसडीओपी जावरा श्री संदीप मालवीय, एसडीओपी सैलाना सुश्री नीलम बघेल, एसडीओपी आलोट सुश्री पल्लवी गौर एवं उप पुलिस अधीक्षक यातायात श्री आनंद स्वरूप सोनी के नेतृत्व में संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल की विशेष टीमें गठित कर कार्रवाई की गई।

कांबिंग गश्त के दौरान जिलेभर में पुलिस टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए विभिन्न प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे कुल 79 स्थाई वारंटियों एवं 103 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियान के दौरान कई फरार आरोपियों एवं वारंटियों को उनके संभावित ठिकानों पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार के निर्देशन में संचालित ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत रतलाम पुलिस द्वारा मई माह में अपराधियों एवं फरार वारंटियों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान जिलेभर में कुल 201 स्थाई वारंट एवं 1201 गिरफ्तारी वारंट तामील कराए गए।

अभियान के दौरान सभी अनुभागों में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस बल की ब्रीफिंग कर टीमों को रवाना किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा स्वयं पुलिस बल के साथ पैदल भ्रमण कर विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय गुंडे-बदमाशों, हिस्ट्रीशीटरों, निगरानी बदमाशों, जिला बदर अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की सघन चेकिंग एवं सत्यापन किया गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त तत्वों पर विशेष निगरानी रखी गई।

पुलिस अधीक्षक श्री अमित कुमार ने कहा कि जिले में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई हेतु ऑपरेशन क्लीन के अंतर्गत इस प्रकार की कांबिंग गश्त, निगरानी एवं धरपकड़ की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों, आदतन अपराधियों एवं कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर एवं वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। विभिन्न प्रकरणों में फरार आरोपियों एवं स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार कार्यवाही की जा रही है। रतलाम पुलिस आमजन से भी अपील करती है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, आपराधिक गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था से संबंधित सूचना तत्काल नजदीकी थाना अथवा पुलिस कंट्रोल रूम को प्रदान करें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।



## विधायक मेव ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को भेंट किए कंबल व बेडशीट

मंडलेश्वर । क्षेत्र के मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मंडलेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विधायक राजकुमार मेव द्वारा 20 कंबल एवं 20 बेडशीट प्रदान किए गए। विधायक की इस पहल से अस्पताल में भर्ती मरीजों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी तथा उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि मरीजों की सेवा और उनकी सुविधाओं का ध्यान रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों को बेहतर वातावरण और आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों, इसी उद्देश्य से कंबल और बेडशीट उपलब्ध कराए गए हैं।इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र मोयदे, एल्डरमैन मंजुला मेवाड़े, अनिरुद्ध हलवे, पार्षद नितिन पाटीदार, पूर्व पार्षद गोपी केवट सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ. विशाल बामनिया, डॉ. सुजीत यादव, डॉ. महेश पाटीदार, डॉ दुर्गेंद्र सोलंकी तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।अस्पताल प्रबंधन ने विधायक राजकुमार मेव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सहयोग से मरीजों को राहत मिलेगी और अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायता प्राप्त होगी। कार्यक्रम का समापन मरीजों के बेहतर स्वास्थ्य एवं सेवा भावना के संकल्प के साथ हुआ।

# बुरहानपुर में संजय कुमार चित्ते का भावपूर्ण सेवा निवृत्ति समारोह

### 35 वर्ष की सेवा के लिए सम्मानित, सहकर्मियों ने सराहा कर्तव्यनिष्ठ और सहयोगी व्यक्तित्व

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर



केन्द्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद आयुष मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अधीन संचालित नैदानिक चिकित्सा अनुसंधान इकाई, बुरहानपुर में 30 मई 2026 को प्रयोगशाला सहायक श्री संजय कुमार चित्ते के सम्मान में सेवा निवृत्ति समारोह आयोजित किया गया।इकाई की प्रभारी अनुसंधान अधिकारी डॉ. यासमीन फातिमा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन हितेश सोनी ने किया। समारोह में इकाई के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में संतोषसिंह दीक्षित, कर्मचारी यूनियन नेता बनवारीलाल मेटकर और समाजसेवी एवं पेंशनर्स एसोसिएशन के उप प्रांताध्यक्ष अताउल्लाह साहब उपस्थित थे। कार्यालय स्टाफ में डॉ. इमरान जावेद, डॉ. इमरान खान, सिराज अहमद, अमन नगर और गणेश आमोद शामिल रहे।

वक्ताओं ने चित्ते के लगभग 35 वर्षों के समर्पित, अनुकरणीय और उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की और उनके कर्तव्यनिष्ठ, सरल एवं सहयोगी व्यक्तित्व को स्मरण किया। सभी ने उनके स्वस्थ, सुखमय और दीघार्यु जीवन की मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। समारोह के अंत में संजय कुमार चित्ते ने अपने सेवाकाल के अनुभव साझा करते हुए सभी अधिकारियों, सहकर्मियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# मन की बात के 134वें संस्करण का किसानों के साथ सामूहिक श्रवण

### विधायक मेव ने सुनी किसानों की समस्याएं

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर



भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के १३४वें संस्करण का सामूहिक श्रवण कार्यक्रम रविवार को शाखा सहकारी सोसायटी मर्यादित (बी-पैक्स) कार्यालय, मंडलेश्वर में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव ने किसानों के साथ बैठकर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा एवं सुना।कार्यक्रम के पश्चात विधायक मेव ने उपस्थित किसानों से संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं जिज्ञासाओं को जाना। उन्होंने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे तथा शासन की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों में शाखा प्रबंधक कपिल नेगी, राकेश वर्मा एवं जितेंद्र कुशवाह उपस्थित रहे। वहीं जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों में भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र मोयदे, मंडल अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र पाटीदार, एल्डरमैन मंजुला मेवाड़े, अनिरुद्ध हलवे, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, समाजसेवी एवं पार्षद नितिन पाटीदार, युवा नेता विक्की पाटीदार ,हरी गाडगे, ब्रह्मदत्त चौहान, सहित सुरेश व्यास, वीरेंद्र पाटीदार,संदीप हिरवे, जया वर्मा, मौजूद रहे।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों एवं भाजपा कार्यकताओं ने भाग लेकर प्रधानमंत्री के विचारों को सुना और कृषि, ग्रामीण विकास तथा आत्मनिर्भर भारत से जुड़े विषयों पर चर्चा की। विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि किसानों की समृद्धि और ग्रामीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

## उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न

बड़वानी। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत ३० मई को कलेक्टर सभागृह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बड़वानी द्वारा अंतर्विभागीय बैठक आयोजित की गई । जिसमें सभी विभागों के अधिकारी, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बड़वानी, एनआरएलएम, महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य डाइट, बीईओ, एपीसी, बीआरसीसी, विकासखंड अकादमिक, जनशिक्षक, संकुल सह समन्वयक, स्वयं सेवी संस्थाएं, आनंदम, एजुकेट गर्ल्स, जन अभियान परिषद, पहल जनसहयोग सामाजिक संस्था एवं ऑनलाइन हाई स्कूल / हायर सेकेंडरी प्राचार्य, जनपद सीईओ, जुड़े ।मुख्य कार्यपालन अधिकारी काजल जावला, सहायक कलेक्टर एवं साक्षरता नोडल अधिकारी श्री माधव अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयक श्री रवि वर्मा द्वारा उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के सुचारू संचालन एवं जिला का लक्ष्य प्राप्ति हेतु सभी विभागों से सर्वे चिन्हांकन, छात्र छात्राओं, स्वयं सेवकों को अक्षर साथियों का पंजीयन कराने, सामाजिक चेतना केंद्रों के संचालन के लिए ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाकर सहयोग करने, नियमित मॉनिटरिंग करने एवं सितंबर माह की मूल्यांकन परीक्षा में जिले के लक्ष्य के अनुसार नव साक्षरों को शामिल कराने के लिए निर्देशित किया गया ।



## बुरहानपुर के लोहार मंडी में रस्सी के गोदाम में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक

ब्रह्मास्त्र ›› बुरहानपुर

लोहार मंडी क्षेत्र में रविवार सुबह करीब ५ बजे एक रस्सी के गोदाम में भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी आग ने पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मचा दी और दूर-दूर तक धुआं दिखाई दे रहा था।आग लगने के समय गोदाम के ऊपर बने घर में एक परिवार सो रहा था। स्थानीय लोगों ने आग देखकर चिल्लाकर परिवार को सूचित किया, जिससे सभी की जान बच गई। क्षेत्रवासियों ने अपने घरों से पानी लाकर आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि अग्निशमन वाहन देर से मौके पर पहुंचा, जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया। सूचना मिलने पर गणपति नाका थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची, जहां बड़ी संख्या में लोग जमा थे।आग से गोदाम में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। फिलहाल गोदाम के मालिक और ऊपर रह रहे परिवार के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं मिल पाई है।

# डिलीवरी बॉय के जरिए सप्लाई हो रही थी नशीली गोलियां, 1600 अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› खंडवा



जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अल्प्राजोलम नामक प्रतिबंधित नशीली दवा की सप्लाई करने वाले नेटवर्क का पदार्फाश किया है। पुलिस ने 1600 अल्प्राजोलम टैबलेट, दो इलेक्ट्रिक स्कूटर, चार मोबाइल फोन और नगदी जब्त कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार 30 मई की देर रात थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक प्रवीण आर्य को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे ब्रिज के नीचे कब्रिस्तान के पास दो व्यक्ति नशीली गोलियां बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और दो संदिग्धों को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान मो. रईस पिता मो. लईक खान (32) निवासी हातमपुरा तथा शेख साहिल पिता शेख महमूद (25) निवासी छीपा कॉलोनी के कब्जे से 100 अल्प्राजोलम टैबलेट, एक इलेक्ट्रिक स्कूटर, दो मोबाइल फोन और एक हजार रुपये नकद बरामद हुए। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी शहर में डिलीवरी बॉय की तरह नशीली गोलियों की सप्लाई कर रहे थे। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने बुरहानपुर में दबिश देकर फारिस पिता छोटे खां (40) निवासी लालबाग और सुभाष पिता फकीरा महाजन (60) निवासी सिकरपुरा को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 1500 अल्प्राजोलम टैबलेट, एक इलेक्ट्रिक स्कूटर और दो मोबाइल फोन जब्त किए गए।

पुलिस ने कुल 1600 अल्प्राजोलम टैबलेट सहित लगभग 1.24 लाख रुपये मूल्य का मशरूका बरामद किया है। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी।कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण आर्य, प्रधान आरक्षक इरशाद अली तथा आरक्षक राहुल, आलेश, अरविंद तोमर, पंकज साहू, रूपेश बावने, अभिषेक सन्यास, हेमंत सपकाले, रविंद्र सोलंकी एवं बलवंत राठौर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# धुरंधर में दिखाई गई हर बात सच

## पाकिस्तानी पत्रकार बोले- जिस दौर की कहानी दिखाई गई, उस समय मैं वहां मौजूद था

पाकिस्तान के कराची में जन्मे पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता आरिफ आजाकिया ने हाल ही में दावा किया कि फिल्म 'धुरंधर' में दिखाई गई घटनाएं पूरी तरह सच हैं। एएनआई द्वारा शेयर किए गए टॉक जर्नलिज्म इवेंट के दौरान आरिफ ने कहा, 'मैं कराची शहर का मेयर था और चुनाव जीतकर इस पद पर पहुंचा था। जो कहानी 'धुरंधर' में दिखाई गई, उस दौरान मैं वहीं था। मेरा जन्म ल्यारी में हुआ और मैं वहीं बड़ा हुआ हूं, इसलिए मैं जानता हूं कि इसमें दिखाई गई हर बात सच है।' उन्होंने अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि का जिक्र करते हुए कहा, 'मेरा जन्म कराची में हुआ, लेकिन मेरे माता-पिता गुजरात के जूनागढ़ में पैदा हुए थे। मैं खुद को पाकिस्तानी नहीं, बल्कि भारतीय मूल का मानता हूं।' उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान के बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा जैसे इलाकों में मानवाधिकार से जुड़े कई मुद्दों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय मीडिया में पर्याप्त जगह नहीं मिलती।

**धुरंधर की कहानी कराची के ल्यारी पर आधारित थी-** गौरतलब है कि 'धुरंधर' और 'धुरंधर 2' कराची के ल्यारी इलाके में एक्टिव अपराधी गिरोहों और गैंगवार की पृष्ठभूमि पर आधारित थीं। दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुईं। 'धुरंधर' के पहले पार्ट ने दुनियाभर में 1307 करोड़ रुपए का कारोबार किया था, जबकि इसके सीक्वल को भी दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिला था। धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई करते हुए भारत में दूसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनने का रिकॉर्ड बनाया।

### कांस में ऐश्वर्या की बॉडी शेमिंग पर बोलीं माधुरी दीक्षित

# वजन बढ़ने से कामयाबी कम नहीं होती 20 साल से देश का नाम रोशन कर रहीं

कांस फिल्म फेस्टिवल 2026 में ऐश्वर्या राय बच्चन के लुक को लेकर सोशल मीडिया पर हुई ट्रोलिंग और बॉडी शेमिंग पर एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित ने आपत्ति जताई है। न्यूज एजेंसी से बातचीत में माधुरी ने कहा कि ऐश्वर्या एक ग्लोबल स्टार हैं और उन्होंने पूर्व मिस वर्ल्ड के रूप में देश का नाम रोशन किया है।

किसी भी महिला की कामयाबी को उसके वजन, ड्रेस साइज या उम्र से नहीं आंका जा सकता। इस मौके पर माधुरी के साथ मौजूद एक्ट्रेस तृप्ति डिमरी ने भी ऐश्वर्या राय और अनन्या पांडे का सपोर्ट किया है।

**ट्रोलिंग से युवाओं में जाता है गलत मैसेज-** माधुरी दीक्षित और ऐश्वर्या राय ने सुपरहिट फिल्म 'देवदास' में साथ काम किया था। माधुरी ने महिलाओं को उनकी उपलब्धियों के बजाय सिर्फ बाहरी लुक के आधार पर जज करने की संस्कृति की आलोचना की। उन्होंने कहा, 'जब आप इस तरह के कमेंट करते हैं, तो आज के युवाओं को क्या मैसेज दे रहे हैं? यही कि आपकी वैल्यू इस बात पर है कि आप कैसे दिखते हैं, न कि आपकी अचीवमेंट्स पर। मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से गलत मैसेज है।' माधुरी ने कहा कि ऐश्वर्या अंदर से भी उतनी ही खूबसूरत हैं जितनी बाहर से दिखती हैं।





### तृप्ति डिमरी बोलीं- घर बैठकर कमेंट करना आसान

माधुरी की आने वाली फिल्म 'मां बहन' की को-स्टार तृप्ति डिमरी ने भी इस मामले पर अपनी राय रखी। उन्होंने ऐश्वर्या के साथ-साथ अनन्या पांडे का भी बचाव किया। अनन्या को हाल ही में उनकी फिल्म 'चांद मेरा दिल' के एक डांस सीन के लिए सोशल मीडिया पर ट्रोल किया गया था। तृप्ति ने कहा, 'घर पर आराम से बैठकर लोगों पर कमेंट करना बहुत आसान है। लेकिन उनकी जगह पर होना अलग बात है। चाहे अनन्या हो या ऐश्वर्या मैम, दोनों ने अपनी जिंदगी में कड़ी मेहनत की है और वे अचीवर्स हैं।'

### डिजिटल मीडिया में तीन सेकंड में बदल जाती है राय



फिल्म इंडस्ट्री में बदलते रिव्यू के कल्चर पर माधुरी ने कहा कि पहले फिल्में शुक्रवार को रिलीज होती थीं और शाम तक उनके रिव्यू आते थे। लेकिन अब डिजिटल मीडिया को हर छोटी चीज के लिए कंटेंट चाहिए, इसलिए फिल्म शुरू होते ही कमेंट्स आने लगते हैं। माधुरी के मुताबिक, आज लोग मोबाइल स्क्रीन पर सिर्फ तीन सेकंड स्क्रॉल कर-के यह तय कर लेते हैं कि उन्हें कोई चीज देखनी है या नहीं। इस बदलते दौर में कलाकारों को इसे स्वीकार करके आगे बढ़ना होगा।

**4 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी 'मां बहन'-** माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी जल्द ही नेटफ्लिक्स की फिल्म 'मां बहन' में एक साथ नजर आने वाली हैं। यह एक डार्क कॉमेडी फिल्म है, जिसमें इन दोनों के अलावा धारणा दुर्गा और रवि किशन भी अहम किरदारों में हैं। यह फिल्म 4 जून 2026 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जाएगी। इसी फिल्म के प्रमोशन के दौरान दोनों एक्ट्रेसेस ने सोशल मीडिया ट्रोलिंग और कलाकारों के मानसिक दबाव पर खुलकर बात की।



# गायिका सुमन कल्याणपुर का निधन

## आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे' जैसे गानों के लिए मशहूर रहीं, मराठी, असमी, बंगाली और ओडिया में भी गाने गाए

गायिका सुमन कल्याणपुर का रविवार शाम को मुंबई में 89 की उम्र में निधन हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुमन की मौत की वजह उम्र से जुड़ी बीमारियां रहीं। उनकी करीबी दोस्त मंगला खाडिलकर ने बताया कि सुमन ने रात करीब 8 बजे अंतिम सांस ली। वे पिछले कुछ दिनों से अपने ही गाए हुए गाने सुन रही थीं। उन्होंने बहुत शांति से दुनिया को अलविदा कहा। उनका अंतिम संस्कार सोमवार सुबह करीब 11:30 से 12 बजे के बीच पवनहंस श्मशान घाट पर किया जाएगा। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू हैं। सुमन को 2023 में पद्म भूषण सम्मान मिला था।

**1960 और 1970 के दशक में खास पहचान बनाई-** सुमन कल्याणपुर ने 1960 और 1970 के दशक में अपनी सुरीली आवाज से संगीत जगत में एक खास पहचान बनाई थी। उस दौर में लता मंगेशकर जैसी महान गायिका के रहते हुए भी उन्होंने अपनी अलग जगह बनाई। उनके गाए आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, न न करते प्यार तुम्हीं से और तुमने पुकारा और हम चले आए जैसे गाने आज भी लोकप्रिय हैं। उन्होंने हिंदी के अलावा मराठी, असमी, कन्नड़, बंगाली और ओड़िया समेत कई भाषाओं में गाने गाए। हालांकि लोग अक्सर उनकी आवाज की तुलना लता मंगेशकर से करते थे, लेकिन सुमन हमेशा इस तुलना को खारिज करती थीं। साल 2022 के एक इंटरव्यू में उन्होंने लता को अपना बेहद करीबी दोस्त बताते हुए कहा था कि उनसे मिलना हमेशा एक सहेली से मिलने जैसा अहसास कराता था।

**लता मंगेशकर से मिलती आवाज-** सुमन कल्याणपुर की आवाज लता मंगेशकर से मिलती थी। दोनों के गाने का अंदाज, सुरों की शुद्धता और आवाज की बनावट एक जैसी मानी जाती थी।

### दावा- फरहान और जोया अख्तर अब धुरंधर एक्टर के साथ काम नहीं करना चाहते

# रणवीर सिंह ने दोस्ती का हाथ बढ़ाया, लेकिन बात नहीं बनी

रणवीर सिंह और फरहान अख्तर के बीच 'डॉन 3' को लेकर शुरू हुआ विवाद थमता नजर नहीं आ रहा है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म से बाहर होने के बाद रणवीर ने फरहान के साथ रिश्ते सुधारने और भविष्य में किसी नए प्रोजेक्ट पर साथ काम करने की इच्छा जताई थी, लेकिन उनकी कोशिश सफल नहीं हुई।

खबर के मुताबिक, रणवीर सिंह ने फरहान अख्तर और उनके प्रोडक्शन पार्टनर रितेश सिधवानी को किसी नए प्रोजेक्ट पर साथ काम करने का प्रस्ताव दिया था, जिसे दोनों पक्ष मिलकर चुनते। हालांकि, सूत्रों के अनुसार यह प्रस्ताव तुरंत ठुकरा दिया गया। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि फरहान अख्तर और उनकी बहन जोया अख्तर फिलहाल रणवीर के साथ दोबारा काम करने के इच्छुक नहीं हैं।

**जानिए क्या है विवाद-** धुरंधर की सक्सेस के बाद रणवीर सिंह ने फरहान अख्तर की फिल्म डॉन 3 अचानक छोड़ दी, जिसकी घोषणा 2023 में रणवीर के साथ हुई थी। मेकर्स का दावा है कि इससे उनका 45 करोड़ का नुकसान हुआ। पहले इस मामले की शिकायत प्रोड्यूसर गिल्ड में की गई, जिसके बाद ये मामला एफडब्ल्यूआईसीई के पास पहुंचा। मामले को गंभीरता से लेते हुए फेडरेशन ने रणवीर सिंह को अलग-अलग मौकों पर 3 नोटिस भेजे, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि ये लीगल मामला है, जो फेडरेशन द्वारा नहीं बल्कि कोर्ट के जरिए सुलझाना चाहिए।

आखिरकार फेडरेशन ने सोमवार को मुंबई में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रख रणवीर सिंह पर बैन लगा दिया। ऐसे में रणवीर विवाद खत्म होने तक कोई नई फिल्म नहीं शूट कर सकेंगे। रणवीर सिंह की टीम बोली- वे सोच-समझकर चुप







रणवीर सिंह के स्पोक पर्सन ने कहा- रणवीर सिंह फिल्म इंडस्ट्री और 'डॉन' फ्रैंचाइजी से जुड़े हर इंसान का दिल से सम्मान करते हैं। 'डॉन 3' को लेकर हाल ही में जो कुछ भी हुआ है, उस पर उन्होंने सोच-समझकर चुप रहना ही सही समझा। उनका मानना है कि काम से जुड़ी बातें और आपसी रिश्ते हमेशा गरिमा, समझदारी और आपसी सम्मान के साथ ही संभाले जाने चाहिए। इस बीच कई तरह की बातें और अफवाहें सामने आई हैं, लेकिन रणवीर ने कभी भी सरेआम इस पर कोई सफाई देना या इन अटकलों को बढ़ावा देना जरूरी नहीं समझा। उनका पूरा ध्यान पूरी तरह से उनके काम और आने वाले प्रोजेक्ट्स पर है। वे इस फिल्म से जुड़े सभी लोगों के लिए अपने दिल में सम्मान रखते हैं और चाहते हैं कि यह फ्रैंचाइजी आगे भी खूब कामयाब हो। ऐसे मुश्किल मौकों पर संयम और शालीनता बनाए रखना हमेशा से उनका अपना फैसला रहा है, और वे आगे भी इसी रुख पर कायम रहेंगे।

**अब समझिए एफडब्ल्यूआईसीई क्या है? रणवीर पर बैन का क्या असर होगा-** फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज फिल्म इंडस्ट्री के वर्कर्स और कलाकारों के हितों की रक्षा करने वाली सबसे बड़ी संस्था है। इसकी शुरूआत साल 1956 में हुई थी और 1958 में इसका रजिस्ट्रेशन कराया गया था।

**मदर बॉडी:** यह फेडरेशन मुख्य रूप से एक मदर बॉडी (शीर्ष संस्था) की तरह काम करती है। इसके अंतर्गत कुल 34 अलग-अलग एसोसिएशंस आती हैं।

**सदस्यों की संख्या:** इसमें एक्टर्स, डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स, कैमरामैन, टेक्नीशियंस, जूनियर आर्टिस्ट और स्पॉटबॉय जैसी 34 एसोसिएशंस के लगभग 4 से 5 लाख मेंबर्स जुड़े हुए हैं।

**दायरा:** यह एशिया की सबसे बड़ी फिल्म फेडरेशन है। वर्तमान में फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाले करीब 90 प्रतिशत लोग इसी फेडरेशन से जुड़ी एसोसिएशंस के सदस्य हैं। इसका अपना एक संविधान है, जिसे मानना सभी सदस्यों के लिए जरूरी है।

### गुजरात को 5 विकेट से हराया, कोहली ने छक्का लगाकर जीत दिलाई, रसिख को 3 विकेट

# बेंगलुरु लगातार दूसरी बार आईपीएल चैंपियन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार आईपीएल जीत लिया है। उसने रविवार को फाइनल में गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराया। विराट कोहली ने 18वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। कोहली 75 रन पर नाबाद लौटे। विराट को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

बेंगलुरु ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। 156 रन का टारगेट बेंगलुरु ने 18 ओवर में 5 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बेंगलुरु ने 2025 में इसी मैदान पर पंजाब किंग्स को हराकर खिताब जीता था। वह लगातार दो आईपीएल ट्रॉफी जीतने वाली तीसरी टीम बन गई है। चेन्नई सुपरकिंग्स और मुंबई इंडियंस भी ऐसा कर चुकी हैं।



### पाटीदार ने धोनी और रोहित की बराबरी की, कोहली की फास्टेस्ट फिफ्टी, सूर्यवंशी ने सीजन में सबसे ज्यादा 72 सिक्स लगाए

आईपीएल 2026 रिकॉर्ड्स वाला सीजन साबित हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार ट्रॉफी जीतकर इतिहास रचा। कप्तान रजत पाटीदार ने महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा के खास क्लब में जगह बना ली। वे लगातार दो ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे कप्तान बने। फाइनल में विराट कोहली ने अपने आईपीएल करियर की सबसे तेज फिफ्टी लगाकर जीत दिलाई। दूसरी ओर, 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने एक सीजन में 72 सिक्स लगाकर क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया और एक सीजन में सबसे ज्यादा सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी सबसे कम उम्र में ऑरेंज कैप जीतने वाले खिलाड़ी भी बने। इस सीजन बल्लेबाजों ने मिलकर रन बनाने का नया इतिहास भी रच दिया। पूरे सीजन में 27,450 रन बने, जो आईपीएल के किसी भी सीजन में सबसे ज्यादा हैं। बेंगलुरु ने लगातार दूसरी बार आईपीएल ट्रॉफी जीतकर इतिहास रच दिया। टीम लगातार दो सीजन (2025, 2026) चैंपियन बनने वाली सिर्फ तीसरी फ्रेंचाइजी बनी। इससे पहले केवल चेन्नई सुपर किंग्स (2010, 2011) और मुंबई इंडियंस (2019, 2020) ही यह उपलब्धि हासिल कर सके थे।

## चैंपियन बेंगलुरु को 20 करोड़

### गुजरात को 12.50 करोड़ मिले, वैभव सूर्यवंशी को 5 अवॉर्ड से 40 लाख और कार मिली



ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लगातार दूसरे सीजन आईपीएल का खिताब अपने नाम कर लिया। अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में आरसीबी ने गुजरात टाइटंस को 5 विकेट से हराकर ट्रॉफी जीती। चैंपियन बनने पर आरसीबी को ट्रॉफी के साथ 20 करोड़ रुपए की प्राइज मनी मिली, जबकि रनर-अप गुजरात टाइटंस को 12.5 करोड़ रुपए से संतोष करना पड़ा।



व्यक्तिगत पुरस्कारों में राजस्थान के 15 साल के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का दबदबा रहा। उन्होंने सीजन में सबसे ज्यादा 776 रन बनाकर ऑरेंज कैप का टाइटल अपने नाम किया। साथ ही उन्हें मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर, इमर्जिंग प्लेयर और सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन समेत कुल 5 अवॉर्ड मिले। इनसे उन्हें 40 लाख रुपए और एक कार मिली। वहीं, गुजरात के कगिसो रबाडा ने 29 विकेट लेकर पर्पल कैप अपने नाम की।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### पुराने लोन पर चाहिए अतिरिक्त पैसा

## काम आएगा टॉप-अप लोन, कम ब्याज और आसान ईएमआई का उठा सकते हैं फायदा




ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अगर अचानक पैसों की जरूरत आ पड़े, तो नए कर्ज के चक्कर में पड़ने के बजाय अपने पुराने चल रहे लोन पर ही बैंक से एक्स्ट्रा पैसे लेना सबसे बेस्ट और सस्ता ऑप्शन है। कम कागजी कार्रवाई और कम ब्याज दर वाले इस लोन का इस्तेमाल घर की मरम्मत, पढ़ाई या मेडिकल इमरजेंसी के लिए किया जा सकता है। क्या है टॉप-अप लोन? जानिए...

कई बार होम लोन या कोई दूसरा बड़ा कर्ज लेने के बाद अचानक कुछ और पैसों की जरूरत पड़ जाती है। जैसे-मकान की मरम्मत करानी हो, बच्चों की पढ़ाई का खर्च आ गया हो, अचानक अस्पताल का बिल चुकाना हो या व्यापार का विस्तार करना हो। ऐसे समय में बिल्कुल नया कर्ज लेने के चक्कर में पड़ने के बजाय, आपका मौजूदा बैंक ही आपको एक विशेष सुविधा देता है, जिसे टॉप-अप लोन कहा जाता है।

**क्या है टॉप-अप लोन और यह कैसे मिलता है-** यह कोई नया कर्ज नहीं है, बल्कि आपके पुराने चल रहे कर्ज के ऊपर मिलने वाली एक अतिरिक्त रकम है। चूंकि आप पहले से ही उस बैंक के ग्राहक हैं, इसलिए बैंक के पास आपके आय के दस्तावेज, पहचान पत्र और आपके कर्ज चुकाने का पुराना रिकॉर्ड मौजूद होता है। बैंक को नए सिरे से आपकी जांच नहीं करनी पड़ती, इसलिए यह पैसा बहुत जल्दी और कम कागजी कार्रवाई के साथ मिल जाता है। अतिरिक्त सुविधा को देने से पहले बैंक सिर्फ तीन बातें देखता है- आपने पुराने कर्ज की सभी किस्तें समय पर चुकाई हों, आपकी आमदनी स्थिर हो और आपका क्रेडिट स्कोर अच्छा हो। अगर कर्ज किसी मकान या जमीन के बदले लिया गया है, तो बैंक यह भी देखता है कि उस संपत्ति की बाजार में आज की कीमत कितनी है।

### भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान तैयार करने से जुड़ी

# एएमसीए परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का टेंडर निजी कंपनियों को जारी किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान तैयार करने से जुड़ी एएमसीए परियोजना के लिए 15,000 करोड़ रुपये का टेंडर निजी कंपनियों को जारी किया है। जानिए एचएएल को छोड़कर टाटा, एलएंडटी व भारत फोर्ज पर भरोसा जताने की पूरी कहानी।

भारत के रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। रक्षा मंत्रालय ने देश के सबसे बड़े और महत्वाकांक्षी स्वदेशी एयरोस्पेस प्रोग्राम यानी 'एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट' (एएमसीए) को रफ्तार देने के लिए प्राइवेट सेक्टर की ओर रुख किया है। इस प्रोजेक्ट के लिए सरकारी एयरोस्पेस कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को किनारे करते हुए देश की दिग्गज प्राइवेट कंपनियों को आमंत्रित किया गया है।

**आइए आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं इस पूरे मेगा-प्रोजेक्ट की हर अहम बात:**

**एएमसीए प्रोजेक्ट क्या है और यह वायुसेना के लिए इतना अहम क्यों है-** एएमसीए (एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट) भारत का अपना पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ (रडार की पकड़ में न आने वाला) फाइटर जेट तैयार करने से जुड़ी परियोजना है। यह एक दो इंजन वाला मल्टी-रोल लड़ाकू विमान होगा, जिसे गहरे हवाई हमलों और वायु रक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इन विमानों को तैयार करने का मुख्य उद्देश्य भविष्य के युद्धों में भारत को हवाई श्रेष्ठता दिलाना और चीन के जे-20 जैसे अन्य पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों का मुकाबला करना है।

**पांचवीं पीढ़ी के विमानों की क्या होती है खासियत-** चौथी या 4.5वीं पीढ़ी विमानों से अलग पांचवीं पीढ़ी के विमान अपने विशेष कल-पुर्जों, डिजाइन और तकनीक के कारण बहुत अलग होते हैं। आइए इनके बारे में जानें।



### अलग तरह की डिजाइन

- **एस-शेप के एयर इनटेकः** पुराने विमानों के इंजनों के पंखे रडार पर बड़ी आसानी से पकड़ में आ जाते हैं। पांचवीं पीढ़ी के विमानों में इनटेक को 'र' आकार का बनाया जाता है ताकि इंजन के ब्लेड रडार की तरंगों से छिप सकें।
- **रडार एब्जॉर्बेंट मटीरियल (आरएएम):** पांचवीं पीढ़ी के विमानों की बाहरी परत पर विशेष कंपोजिट मटीरियल का लेप होता है जो दुश्मन के रडार की तरंगों को वापस टकराने के बजाय सोख लेता है। इससे इसका रडार क्रॉस-सेक्शन (आरसीएस) बहुत कम हो जाता है और यह रडार पर एक छोटी चिड़िया जितना ही नजर आता है।
- **आंतरिक हथियार बे-** आमतौर पर चौथी पीढ़ी के लड़ाकू विमानों (जैसे सुखोई, मिराज या राफेल) में मिसाइलें और बम उनके पंखों के नीचे लटके होते हैं, जो रडार पर साफ दिखाई देते हैं और विमान की गति को भी धीमा करते हैं। पांचवीं पीढ़ी के विमानों में हथियारों को विमान के अंदर एक छिपे हुए चेंबर में रखा जाता है। जब विमान को मिसाइल दागनी होती है, केवल तभी इसके दरवाजे कुछ सेकंड के लिए खुलते हैं।
- **सुपरक्रूज क्षमता-** पुराने विमानों को सुपरसोनिक (ध्वनि से तेज) उड़ने के लिए 'आफ्टरबर्नर' का इस्तेमाल करना पड़ता है, जो बहुत सारा ईंधन पीता है और विमान का हीट सिग्नेचर (तापमान) बढ़ा देता है जिससे इन्फ्रारेड मिसाइलें उसे आसानी से निशाना बना सकती हैं। एएमसीए के उन्नत जीई-एफ414 इंजन और इसका हल्का डिजाइन इसे बिना आफ्टरबर्नर के ही लंबे समय तक सुपरसोनिक स्पीड बनाए रखने की क्षमता देते हैं। इससे ईंधन बचता है और विमान की रेंज बढ़ती है।
- **उन्नत एवियोनिक्स और सेंसर फ्यूजन -** पुराने विमानों में पायलट को रडार, हथियार, और अन्य कम्युनिकेशन्स के लिए अलग-अलग स्क्रीन्स से डेटा समझकर खुद फैसले लेने पड़ते हैं। एएमसीए में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और एईएसए रडार का उपयोग होता है। सेंसर फ्यूजन की मदद से कंप्यूटर खुद सारे डेटा को प्रोसेस करता है और पायलट को युद्धक्षेत्र का एक ही स्क्रीन पर 360-डिग्री का सटीक नजारा देता है।
- **नेटवर्क सेंट्रिक वारफेयर-** यह विमान हवा में उड़ते हुए अन्य ड्रोन्स, लड़ाकू विमानों, सैटेलाइट और जमीनी रडार के साथ रीयल-टाइम डेटा शेयर कर सकता है। अगर एएमसीए खुद किसी टारगेट पर हमला नहीं कर रहा है, तो भी वह टारगेट की सटीक लोकेशन अपने पीछे उड़ रहे किसी अन्य विमान को भेज सकता है। पुरानी पीढ़ियों के विमानों (जैसे मिग-29, जगुआर) की रणनीति दुश्मन के इलाके में तेजी से घुसकर हवाई युद्ध करने की होती है, जिसके लिए उन्हें भारी हथियारों की जरूरत होती है। वहीं, पांचवीं पीढ़ी के एएमसीए की रणनीति पहले देखो और पहले मारो की है। अपनी स्टील्थ क्षमता और आधुनिक सेंसर की मदद से यह दुश्मन के रडार और विमानों को उनके देखने से बहुत पहले ही ट्रैक कर सकता है और स्टैंड-ऑफ दूरी (सुरक्षित दूरी) से ही उन्हें तबाह कर सकता है।
- **इन विमानों को तैयार करने की परियोजना का टेंडर किन्हें मिला है-** जवाबः रक्षा मंत्रालय ने एक बहुत बड़े नीतिगत बदलाव के तहत इस 15,000 करोड़ रुपये के प्रोटोटाइप टेंडर के लिए आवेदन तीन भारतीय निजी कंपनियों के कंसोर्टियम (समूह) से मांगे हैं। इन तीन दावेदारों में लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) शामिल है, जिसने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के साथ साझेदारी की है; भारत फोर्ज, जिसने बीईएमएल के साथ हाथ मिलाया है; और तीसरी कंपनी टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स है। सबसे खास बात यह है कि सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की बजाय सीधे तौर पर इन निजी कंपनियों पर यह बड़ा भरोसा जताया गया है। इस फैसले की एक वजह यह भी है कि एचएएल अपने तेजस मार्क1ए जैसे भारी भरकम ऑर्डर समय पर पूरा नहीं कर सका। कंपनी को इसके बाद तेजस मार्क-2 भी बनाना है। यदि पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान का प्रोजेक्ट एचएएल के पास ही रहता तो विमान की आपूर्ति 2035 से भी देरी का अंदेशा बना रहता। एचएएल का भले निगमीकरण कर दिया गया हो, पर वह प्रशासनिक लेटलतीफी से आजाद नहीं है। निजी कंपनियां सामान खरीदने में स्वतंत्र होंगी। इसलिए समय सीमा का पालन कर पाएंगी। एमका को निजी हाथों में सौंपने से आपूर्ति में लगने वाला वाला समय कम हो जाएगा।
- **टेंडर जीतने वाली कंपनी को आगे क्या करना होगा-** जो भी कंपनी यह टेंडर जीतेगी, उसे चयन के तीन महीने के भीतर एक नई कंपनी बनानी होगी। इस नई कंपनी का पूरा मालिकाना हक और नियंत्रण भारतीय कंपनियों के पास ही रहेगा और इसमें नियमों से बाहर विदेशी हिस्सेदारी रखने की सख्त मनाही होगी। यह नई कंपनी रक्षा मंत्रालय के तहत काम करने वाली 'एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एजेंसी' (एडीए) के साथ मिलकर विमान के पांच प्रोटोटाइप तैयार करेगी।
- **क्या टाटा के पास इस रेस में कोई खास बढ़त मौजूद है-** हां, तीनों दावेदारों में से टाटा के पास विमान निर्माण की सुविधा स्थापित करने का पूर्व अनुभव है। टाटा ने एयरबस के साथ मिलकर गुजरात के वडोदरा में सी-295 सैन्य परिवहन विमान बनाने की मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी तैयार की है, जो उनके लिए एक बड़ा प्लस पॉइंट हो सकता है।

**इन आधुनिक लड़ाकू विमानों के बनकर तैयार होने की टाइमलाइन क्या है-** नियमों के मुताबिक, कॉन्ट्रैक्ट साइन होने के 30 महीने के भीतर विमान की पहली उड़ान होनी चाहिए। पहला प्रोटोटाइप 2029 तक तैयार होने की उम्मीद है, जिसमें जीई एफ414 इंजन का इस्तेमाल किया जाएगा।

### चना-अरहर के बढ़ते दामों ने बिगाड़ा रसोई का बजट

# दाल से लेकर ढुलाई तक सब महंगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में चना और अरहर दाल के दाम बढ़ने की आशंका है। कम आयात, कमजोर आवक और अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की चिंता ने बाजार में महंगाई बढ़ा दी है। डीजल-पेट्रोल महंगा होने से माल ढुलाई खर्च भी 10 से 15 फीसदी बढ़ गया है। टायर और वाहन पुर्जों की कीमतें बढ़ने से ट्रांसपोर्ट और महंगा हो सकता है। आइए, विस्तार से जानते हैं कि पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से और किन चीजों के दाम में बढ़ोतरी हुई है...

देश में महंगाई का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है और अब इसका असर सीधे आम आदमी की रसोई पर दिखाई देने लगा है। आने वाले दिनों में चना और अरहर दाल के दाम और बढ़ सकते हैं। वहीं डीजल-पेट्रोल की महंगाई और माल ढुलाई खर्च बढ़ने से खाने-पीने की चीजों से लेकर रोजमर्रा के सामान तक महंगे होने की आशंका है। अल-नीनो के कारण कमजोर मानसून की चिंता ने भी बाजार का तनाव बढ़ा दिया है। ऐसे में



आम लोगों का घरेलू बजट और बिगड़ सकता है।

**आखिर दालों के दाम क्यों बढ़ रहे हैं-** इंडिया पल्सेज एंड ग्रेंस एसोसिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक, देश में चना और अरहर की आवक कम हो रही है। वहीं विदेशों से आयात भी घटा है। इसी वजह से बाजार में इन दालों के दाम लगातार ऊपर जा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि बीते वित्त वर्ष में कुल दाल आयात घटकर 57.76 लाख टन रह गया, जबकि इससे पहले यह 69.3 लाख टन था। चने का आयात करीब पांच लाख टन घट गया। मसूर और मटर के आयात में भी बड़ी गिरावट दर्ज हुई। बाजार विशेषज्ञ राहुल चौहान के मुताबिक, अगर मौसम खराब रहा और उर्वरकों की कमी बनी रही तो आने वाले महीनों में दालों की कीमतें और बढ़ सकती हैं।

**किन दालों में कितना बढ़ा भाव-** पिछले एक महीने में कई दालों के दाम तेजी से बढ़े हैं। अरहर, मसूर, उड़द और देसी चना सभी महंगे हुए हैं। मंडियों में पुरानी अरहर का स्टॉक भी काफी कम बचा है। सरकार ने अरहर का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 8450 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है, जिससे बाजार में तेजी का माहौल और मजबूत हुआ है।

**अल-नीनो और मानसून की चिंता क्यों बढ़ी-** मौसम को लेकर भी चिंता बढ़ती जा रही है। अल-नीनो के असर से इस बार सामान्य से कम बारिश होने की आशंका जताई जा रही है। अगर मानसून कमजोर रहा, तो खरीफ सीजन में अरहर जैसी फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है। इससे उत्पादन घटेगा और बाजार में कीमतें और ऊपर जा सकती हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश कम होने का असर सिर्फ दालों पर नहीं, बल्कि सब्जियों और दूसरी कृषि उपज पर भी पड़ सकता है। यही वजह है कि बाजार अभी से महंगाई के नए दौर की आशंका जता रहा है।

**माल ढुलाई महंगी होने से क्या असर पड़ेगा-** डीजल की किल्लत और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर भी दबाव बढ़ा दिया है। ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस के मुताबिक, कई राज्यों में करीब 20 फीसदी ट्रक सड़कों से हट गए हैं। इससे माल ढुलाई की लागत 10 से 15 फीसदी तक बढ़ गई है। इसका सीधा असर खाने-पीने के सामान, किराना और जरूरी वस्तुओं की कीमतों पर पड़ रहा है। यानी अब सिर्फ दाल ही नहीं, बल्कि बाजार की कई चीजें आम लोगों के लिए और महंगी हो सकती हैं।

### सीएसआर फंडिंग में बड़ा बदलाव

## अब सोशल स्टॉक एक्सचेंज के जरिए सामाजिक परियोजनाओं में होगा निवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए कंपनियों के लिए सामाजिक क्षेत्र में निवेश के नए रास्ते खोल दिए हैं। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने कंपनियां (कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी पॉलिसी) संशोधन नियम, 2026 अधिसूचित कर दिए हैं, जिसके तहत अब कंपनियां सोशल स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध विशेष वित्तीय साधनों के माध्यम से भी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर सकेंगी। नए नियम 27 मई 2026 से लागू हो गए हैं।

इस संशोधन के तहत कंपनियों को पहली बार जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल इंस्ट्रूमेंट्स के जरिए सामाजिक परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देने की अनुमति दी गई है। सरकार का मानना है कि इससे सामाजिक क्षेत्र में काम करने वाले गैर-लाभकारी संगठनों को संसाधन जुटाने का नया और अधिक पारदर्शी मंच मिलेगा, जबकि कंपनियों को भी अपने उत्तरदायित्व फंड के प्रभावी उपयोग का एक अतिरिक्त विकल्प प्राप्त होगा। कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार अब उपनियमों में 'नॉट फॉर प्रॉफिट ऑर्गनाइजेशन' की परिभाषा को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के नियमों के अनुरूप शामिल किया गया है। इसके साथ ही जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल इंस्ट्रूमेंट को भी औपचारिक रूप से परिभाषित किया गया है। यह ऐसा वित्तीय साधन होगा जिसे सोशल स्टॉक एक्सचेंज में पंजीकृत गैर-लाभकारी संगठन जारी करेंगे और जिसे कंपनियां अपने उत्तरदायित्व कार्यक्रमों के तहत खरीद सकेंगी। विशेषज्ञों के अनुसार जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल इंस्ट्रूमेंट पारंपरिक निवेश साधनों से अलग होता है। इसमें निवेशक को न तो कोई ब्याज मिलता है और न ही मूल राशि वापस की जाती है। इसका उद्देश्य पूरी तरह सामाजिक और विकासात्मक परियोजनाओं के लिए संसाधन उपलब्ध कराना होता है। इस व्यवस्था के जरिए जुटाई गई राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, कौशल विकास और अन्य सामाजिक परियोजनाओं पर खर्च की जा सकेगी।

## ममता की बैठक में 80 में 60 विधायक नहीं पहुंचे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को टीएमसी विधायकों की बैठक बुलाई थी, लेकिन 80 में से सिर्फ 20 विधायक ही पहुंचे। यह बैठक दोपहर 3 बजे कोलकाता के कालीघाट स्थित ममता के आवास पर होनी थी, लेकिन 60 विधायकों के नहीं आने पर बैठक टाल दी गई। टीएमसी प्रवक्ता कुनाल घोष ने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी और सांसद कल्याण बनर्जी पर हुए हमलों के विरोध में 1 जून को राज्यभर में प्रदर्शन होना है। सभी विधायक इसकी तैयारी में व्यस्त थे। जो विधायक नहीं पहुंचे, उन्होंने पहले ही इसकी जानकार दे दी थी। कुनाल घोष ने बताया कि 2 जून को पार्टी ममता बनर्जी के नेतृत्व में कोलकाता के एस्प्लेनेड स्थित रानी रश्मोनी रोड पर सांकेतिक धरना करेगी। यह धरना चुनाव बाद हिंसा और राज्यभर में बुलडोजर के जरिए किए जा रहे हॉकर्स निष्कासन अभियान के खिलाफ रहेगा।

### राजस्थान के जैसलमेर में रेतीला तूफान; उत्तराखंड के चंपावत में नदी में फंसे 50 लोगों का रेस्क्यू

# देशभर में हीटवेव खत्म, बारिश से तापमान में गिरावट

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

देश के अधिकांश हिस्सों में रविवार को बारिश और बादलों के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक देशभर में हीटवेव की स्थिति समाप्त हो गई है। कई राज्यों में बारिश और आंधी के चलते मौसम में बदलाव आया है। राजस्थान के कई हिस्सों में लगातार दूसरे दिन धूल भरी आंधी चली, जिससे तापमान में गिरावट आई। जैसलमेर में रेतीला तूफान आया। इससे विजिबिलिटी पर असर हुआ, हालांकि किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। राज्य के फलौदी में अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री रहा।

उत्तर प्रदेश के बलिया में 34.4 मिमी और मुरादाबाद में 21.8 मिमी बारिश हुई। लखनऊ में भी 2.4 मिमी बारिश हुई। यहां अधिकतम तापमान 36.3 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.9 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 24.7 डिग्री रहा। उत्तराखंड में भारी बारिश और खराब मौसम के कारण केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोकना पड़ा। चंपावत के श्री रीठा साहिब गुरुद्वारे के वार्षिक जोड़ मेले के दौरान उफनती नदी में 50 से ज्यादा श्रद्धालु फंस गए, जिन्हें बाद में रेस्क्यू किया गया।



राजस्थान के जैसलमेर में रविवार शाम को फिर से रेतीला बवंडर उठा। इससे दिन में अंधेरा छा गया। इसका वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आसमान में दूर से ही धूल का गुबार उठता दिखाई दिया, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ा।

इससे पहले शनिवार दोपहर 3 बजे राजस्थान के 5 जिलों श्रीगंगानगर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़ और सीकर में रेतीला तूफान आया था। इसका असर करीब 200 वर्ग किलोमीटर के इलाके में रहा। रेतीले तूफान की शुरूआत हनुमानगढ़ और श्रीगंगानगर से हुई थी। इस दौरान 56 स्त्रँ की रफ्तार से आंधी चली।

मौसम विभाग ने बताया कि मानसून 4 जून तक केरलम पहुंच सकता है। हालांकि विभाग ने इस साल मानसून के सामान्य से कमजोर रहने का अनुमान भी जताया है।

# ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया में भारतीय हथियारों की डिमांड बढ़ी

## ब्रह्मोस, आकाश, और नेत्र खरीदने में कई देश रुचि दिखा रहे

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस, आकाश, लॉयटरिंग म्युनिशन और नेत्र जैसे भारतीय हथियारों के इस्तेमाल के बाद दुनिया में इनकी मांग तेजी से बढ़ी है। कई देशों ने इन्हें खरीदने में रुचि दिखाई है, जबकि कुछ के साथ हजारों करोड़ रुपए के सौदे भी हो चुके हैं।

इनकी कीमत 21,000 करोड़ रुपए से अधिक है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक 2025-26 में भारत का रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 38,424 करोड़ रुपए पहुंच गया, जो पिछले साल से 62% ज्यादा है। ब्रह्मोस के लिए फिलीपींस, वियतनाम और दो अन्य देशों से करीब 12,500 करोड़ रुपए के सौदे हो चुके हैं। इंडोनेशिया के साथ लगभग 3,600 करोड़ रुपए की डील अंतिम मंजूरी के चरण में है। आकाश मिसाइल सिस्टम के लिए अर्मेनिया से 6,100 करोड़ रुपए का कॉन्ट्रैक्ट पहले ही हो चुका है। भारत अब 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है, जिनमें अमेरिका, फ्रांस और अर्मेनिया प्रमुख हैं।




अमेरिका सबसे बड़ा खरीदार है जहां 2.8 अरब डॉलर के प्रणाली व कल्पुर्जे बोइंग और लॉकहीड मार्टिन जैसी बड़ी कंपनियों को जाते हैं। अर्मेनिया जैसे देश पूरे तैयार हथियार खरीद रहे। सरकार ने 2029-30 तक 50,000 करोड़ रुपए का रक्षा निर्यात लक्ष्य रखा है। 2016-17 में यह मात्र 1,522 करोड़ रुपए था। यानी एक दशक से कम समय में इसमें 25 गुना से अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मिले वैश्विक ध्यान ने इस लक्ष्य को और तेज गति देने के संकेत दिए हैं।

## विधायक ने 13 गुर्जरों के हत्यारे डकैत को बताया दोस्त

ब्रह्मास्त्र ›› शिवपुरी

शिवपुरी जिले की पिछोर विधानसभा सीट से भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने 13 गुर्जरों को लाइन में खड़ा कर गोलियों से भून देने वाले कुख्यात डकैत को अपना दोस्त बताया। उन्होंने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती के अवसर पर डकैत रामबाबू गड़रिया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए। भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने कहा- हम एक-दूसरे के सुख-दुख के साथी थे। रामबाबू की परिस्थितियों को मैं अच्छी तरह जानता था। समाज के कुछ लोगों ने उसे इतना प्रताड़ित किया कि वह डकैत बनने पर मजबूर हो गया। प्रीतम लोधी ने ये बातें शिवपुरी जिले के पिछोर में आयोजित पाल-बघेल समाज के कार्यक्रम में कहीं।

# भारतीय शहर रात को 60 गुना ज्यादा चमकीले हुए

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

आर्टिफिशियल रोशनी की वजह से दुनिया का 80% हिस्सा प्रभावित है। 2014 से 2022 के बीच दुनिया में रात के समय आर्टिफिशियल रोशनी में लगभग 16% वृद्धि हुई। क्लाइमेट-टेक स्टार्टअप प्राणा एयर के मुताबिक भारत की 50% से अधिक आबादी हर रात आर्टिफिशियल रोशनी से होने वाले प्रदूषण का सामना करती है। बड़े शहरों की रातें 60 गुना ज्यादा चमकीली हो चुकी हैं। इंसानों, कीटों, जानवरों और पक्षियों पर भी इसका असर हो रहा है। प्रकाश प्रदूषण पशु-पक्षियों में प्रवास, प्रजनन, घोंसला बनाने और अंडों से बच्चे निकलने जैसी कई जैविक प्रक्रियाओं को बदल देता है। कई रात्रिकालीन कीट विलुप्त हो रहे हैं। इंसानों की आंखों की रोशनी और नींद के साइकिल पर भी असर पड़ रहा है। रात में मेलाटोनिन हार्मोन का स्तर घट रहा। इससे डायबिटीज, डिप्रेशन, हार्ट डिजीज, कैंसर जैसे रोग बढ़ने का जोखिम।

चेक रिपब्लिक में स्ट्रीटलाइट्स को केवल जमीन पर फोकस नहीं करने पर 3 लाख रुपए से ज्यादा जुमार्ना लग सकता है। फ्रांस में रात 1 बजे के बाद दुकानों, दफ्तरों की बाहरी लाइट बंद करना जरूरी। तीन हजार केल्विन से ज्यादा नहीं लगा सकते। जर्मनी में रिहायशी इलाकों में रात 10 बजे के बाद तेज रोशनी प्रतिबंधित की गई है।

**संख्या 100/1 1-1/2026-संस्कृत. क्क**
**भारत सरकार**
**शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**विज्ञापन सं.01/2026**

**केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति की नियुक्ति**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के कुलपति पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शैक्षणिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख होने के कारण कुलपति से निम्नलिखित अपेक्षाएं की जाती हैः

1. संस्कृत और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विद्वान और उसकी अहताएं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) के तहत बनाए गए विनियमों में यथा विनिर्दिष्ट अहताएं होंगी।
2. इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथिपर 65 वर्ष की आयु से अधिक का नहीं होना वांछनीय।

3, सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धा संपन्न व्यक्ति।

4. एक प्रतिष्ठित शिक्षाविद, जिसे विश्वविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में न्यूनतम 10 वर्ष या प्रतिष्ठित अनुसंधान और / या शैक्षणिक संगठन में प्रशासनिक नेतृत्व का प्रदर्शन करने के प्रमाण के साथ 10 वर्ष का अनुभव हो।

**वेतन और सेवा शर्तेः**

पद पर प्रतिमाह वेतन 2,10,000/- रुपये (नियत) और 11,250/- रुपये का विशेष भत्ता और अन्य सामान्य भत्ते देय होगा।

सेवाओं के अन्य नियम और शर्तें, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 और विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेश में निर्धारित के अनुसार होंगी।
नियुक्ति की प्रक्रियाः

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति द्वारा अनुशंसित तीन नामों के पैनल से नियुक्ति की जाएगी।

**आवेदन जमा करनाः**

विज्ञापन वेबसाइट https://www.education.gov.in/ और https://www.sanskrit.nic.in पर उपलब्ध है।

उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक के अनुसार शिक्षा मंत्रालय के समर्थ पोर्टल पर केवल ऑनलाइन आवेदन करना होगाः
https://vcrec.samarth.ac.in/index.php/

मंत्रालय किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने में विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
जो व्यक्ति पहले से ही सेवारत हैं, उन्हें उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए और अपने संस्थान/विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा दिया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र/सतर्कता निकासी रिपोर्ट के साथ अपने नियोक्ता के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना चाहिए।
अपूर्ण आवेदनों / आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।
उपरोक्त लिंक दिनांक 1 जून, 2026, 10:00 बजे से दिनांक 30 जून, 2026, 17:00 बजे तक सक्रिय रहेगा।

**उप सचिव, भारत सरकार**
**टेलीफोन नंबरः 23070182**

**CBC2/212/11/0004/2627**

2.47 लाख करोड़ का एंटी एजिंग प्रोजेक्ट

# रूस बुढ़ापा रोकने की तकनीक बना रहा, सुअर के अंदर इंसानी अंग उगाने पर काम जारी



ब्रह्मास्त्र ›› रूस

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने बढ़ती उम्र और शरीर की कमजोरी को रोकने के लिए 26 अरब डॉलर यानी करीब 2.47 लाख करोड़ रुपए का बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट शुरू किया है।

न्यू हेल्थ प्रिजर्वेशन टेक्नोलॉजीजह्न नाम के इस प्रोग्राम में मिनी-पिग्स (विशेष प्रजाति के सुअर) के अंदर इंसानी अंग उगाने जैसे तकनीकों पर काम किया जाएगा।


द वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट में जीन थेरेपी, लैब में इंसानी अंग तैयार करना और बेहद कम तापमान वाली क्रायोथेरेपी जैसी तकनीकों पर भी काम होगा।

रूसी सरकार का दावा है कि इस मिशन का मकसद उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा करना और दशक के अंत तक करीब 1.75 लाख लोगों की जान बचाना है।रूस के डिप्टी साइंस मिनिस्टर डेनिस सेकिरीनस्की ने अप्रैल में कहा था कि वैज्ञानिक ऐसी जीन थेरेपी तैयार कर रहे हैं, जो शरीर की कोशिकाओं की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर सके। उन्होंने इसे एंटी-एजिंग की दिशा में सबसे अहम रिसर्च में से एक बताया।

इस प्रोजेक्ट का एक बड़ा हिस्सा बायोप्रिंटिंग पर आधारित है। इसमें 3ऊ प्रिंटर की मदद से जीवित टिश्यू और अंग तैयार किए जाते हैं। रूसी वैज्ञानिकों का दावा है कि वे इंसानी कार्टिलेज और चूहे की थायरॉयड ग्लैंड तैयार कर चुके हैं। लक्ष्य है कि 2030 तक इंसानी अंगों का पूरी तरह रिप्लेसमेंट किया जा सके।


## एंटी-एजिंग के लिए 4 तकनीकों पर रिसर्च

**जीन थेरेपी**



जीन थेरेपी में इंसान के DNA या जीन को बदलकर बीमारी का इलाज करने की कोशिश की जाती है।

**3D बायोप्रिंटिंग**



3D बायोप्रिंटिंग में खास 'बायो-इंक' और जीवित कोशिकाओं की मदद से शरीर के टिश्यू और अंगों जैसे हिस्से प्रिंट किए जाते हैं।

**पेप्टाइड थेरेपी**



पेप्टाइड शरीर में बनने वाले छोटे प्रोटीन जैसे कंपाउंड होते हैं, जो कोशिकाओं को खास काम करने का सिग्नल देते हैं। पेप्टाइड थेरेपी में इन्हीं सिंथेटिक पेप्टाइड्स का इस्तेमाल किया जाता है।

# म्यांमार में विस्फोटकों के गोदाम में धमाका, 55 की मौत, 70 घायल

ब्रह्मास्त्र ›› म्यांमार

म्यांमार के उत्तर-पूर्वी इलाके में रविवार को विस्फोटकों के भंडार वाले एक घर में हुए धमाके में 55 लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 70 लोग घायल हो गए। राहतकर्मियों और स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक धमाका नामखाम टाउनशिप के काउंगतुप गांव में हुआ।

यह इलाका चीन की सीमा से करीब 3 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है और यहां तआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी (ळठछअ) का कंट्रोल है। यह एक जातीय सशस्त्र समूह है, जिसकी म्यांमार की सैन्य सरकार के साथ समय-समय पर झड़पें होती रही हैं।

एक राहतकर्मी के मुताबिक धमाके की वजह से आसपास के 100 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। स्थानीय मीडिया संस्थानों ने मृतकों की संख्या 50 से 55 के बीच बताई है। प्रकाशित तस्वीरों और वीडियो में धमाके के बाद उठता धुआं, तबाह इमारतें और मलबा दिखाई दिया।

चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने भी कई लोगों के मारे जाने और घायल होने की पुष्टि की है। रिपोर्ट के मुताबिक शुरूआती जांच में पता चला है कि जिस जगह धमाका हुआ वहां खनन कार्यों में इस्तेमाल होने वाले बड़ी मात्रा में विस्फोटक रखे गए थे।

म्यांमार फरवरी 2021 में सेना द्वारा सत्ता पर कब्जा किए जाने के बाद से लगातार अशांति और संघर्ष का सामना कर रहा है। सेना ने लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को हटाकर सत्ता संभाल ली थी, जिसके बाद देशभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हुए। बाद में कई विरोधी समूहों ने हथियार उठा लिए और अब देश के बड़े हिस्से संघर्ष की चपेट में हैं।

# रिपोर्ट- ईरानी राष्ट्रपति पजशकियान ने सुप्रीम लीडर को इस्तीफा भेजा

ब्रह्मास्त्र ›› ईरान



ईरान में राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने देश के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला मुजतबा खामेनेई को अपना इस्तीफा भेजा है। ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, पजशकियान ने अपनी चिट्ठी में लिखा कि देश की सत्ता पर अब पूरी तरह इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के कमांडरों का कंट्रोल हो गया है।

रिपोर्ट में यह दावा किया गया कि, पजशकियान के मुताबिक फरवरी में अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध शुरू होने के बाद से उनकी सरकार को बड़े फैसलों में शामिल नहीं किया जा रहा है और वास्तविक नियंत्रण सैन्य नेतृत्व के हाथों में चला गया है।

हालांकि, ईरानी प्रेसिडेंट कार्यालय में संचार और सूचना प्रसार विभाग के डिप्टी चीफ सैयद मेहदी तबातबाई ने इस रिपोर्ट को खारिज किया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि राष्ट्रपति पजशकियान जनता की सेवा से पीछे नहीं हटेंगे।

उन्होंने इन खबरों को अफवाह बताते हुए कहा कि जैसे ईरानी जनता एकता और प्रतिरोध के रास्ते से पीछे नहीं हटेगी, वैसे ही पेजेशकियन भी लोगों की सेवा जारी रखेंगे।

ब्यूफोर्ट किले पर इजराइल का कब्जाः इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान में 900 साल पुराने ब्यूफोर्ट किले और आसपास की पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया। यह पिछले 26 साल में इजराइल की लेबनान में सबसे बड़ी घुसपैठ है।

इमरजेंसी मीटिंग बुलाने की मांगः फ्रांस ने लेबनान में इजराइल की बढ़ती सैन्य कार्रवाई को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है।

ट्रम्प बोले- ईरानी सेना के खिलाफ सख्त एक्शन नहींः ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका ने ईरानी सेना पर उतनी सख्त कार्रवाई नहीं की, जितनी वह दूसरे देशों की सेनाओं के खिलाफ करता रहा है।

ईरान को अमेरिका पर भरोसा नहींः ईरान ने कहा है कि जब तक यह भरोसा नहीं हो जाता कि उसके अधिकार पूरी तरह सुरक्षित हैं, तब तक अमेरिका के साथ किसी भी समझौते को मंजूरी नहीं दी जाएगी।

अमेरिका ने ईरान जा रहे जहाज को रोकाः अमेरिका ने ईरान की ओर जा रहे एक और मालवाहक जहाज को रोक दिया। 17 अप्रैल से अब तक अमेरिका 6 जहाजों को ईरान जाने से रोक चुका है।

## लेबनान में तनाव कम करने के लिए अमेरिका का नया प्रस्ताव

अमेरिका ने लेबनान में बढ़ते संघर्ष को कम करने के लिए नया प्रस्ताव रखा है। इसके तहत अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अलग-अलग बातचीत की है। अल जजीरा ने एक अमेरिकी अधिकारी के हवाले से बताया कि, इस रोडमैप के तहत हिजबुल्लाह इजराइल पर सभी हमले रोकेगा। बदले में इजराइल बेरूत में सैन्य कार्रवाई और आगे नहीं बढ़ाएगा।

**फाईल सं. 1-9/2025-एसकेटी.।**
**भारत सरकार, शिक्षा मंत्रालय**
**उच्चतर शिक्षा विभाग**

दिनांक 25.05.2026

**विज्ञापन संख्या-04/2026**

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के कुलपति के पद पर नियुक्ति पर विचार के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है ।

कुलपति, अकादमिक के साथ-साथ प्रशासनिक प्रमुख हैं और विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं। इस पद पर विचार के लिए पात्रता की शर्ते और अन्यथा निम्नानुसार हैः

1 संस्कृत और संबद्ध विषयों के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित विद्वान और उसकी अहताएं विश्वविद्यालय अनुदान आयाग अधिनियम, 1956 (1956 का 3) के तहत बनाए गए विनियमों में यथा विनिद्रिष्ट अहताएं होंगी।

2 इस विज्ञापन में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर 65 वर्ष की आयु से अधिक का नहीं होना वांछनीय।

**वेतन और सेवा शर्तेः**

पद पर प्रतिमाह वेतन 2,10,000/- रुपए (नियत) और 11,250/- रुपए का विशेष भत्ता और अन्य सामान्य भत्ते देय होगा ।

सेवाओं के अन्य नियम और शर्ते, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 और विश्वविद्यालय की संविधियों और अध्यादेश में निर्धारित के अनुसार होंगी ।

**नियुक्ति की प्रक्रियाः**

केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय अधिनियम, 2020 में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार चयन समिति द्वारा अनुशंसित तीन नामों के पैनल से नियुक्ति की जाएगी ।

**आवेदन जमा करनाः**

विज्ञापन वेबसाइट https://www.education.gov.in और https://www.slbsrsv.ac.in पर उपलब्ध है।

उम्मीदवारों को नीचे दिए गए लिंक के अनुसार शिक्षा मंत्रालय के समर्थ पोर्टल पर ₹केवल ऑनलाईन आवेदन₹ करना होगाः

https://vcrec.samarth.ac.in/index.php/

मंत्रालय किसी भी कारण से आवेदन प्राप्त होने में विलंब के लिए उत्तरदायी नहीं होगा ।

जो व्यक्ति पहले से ही सेवारत हैं, उन्हें उचित माध्यम से आवेदन करना चाहिए और अपने संस्थान/विभाग के मुख्य सतर्कता अधिकारी द्वारा दिया गया अनापत्ति प्रमाण-पत्र/सतर्कता निकासी रिपोर्ट के साथ अपने नियोक्ता के माध्यम से अपना आवेदन जमा करना चाहिए । अपूर्ण आवेदनों/आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

उपरोक्त लिंक 01 जून, 2026 10:00 बजे से दिनांक 30 जून, 17:00 बज तक सक्रिय रहेगा ।

(डॉ. सौम्य राजनं)
उप सचिव,
भारत सरकार टेलीफोन नंबरः 23070182
CBC21371/11/0003/2017

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |


## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**
1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 22 / 33 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | ड़े | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | ब | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | पा | अ | सौ | वी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | य | आ | व | त | धि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | ग्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...

0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# नेपाली पीएम बोले- हमने भी भारतीय जमीन पर कब्जा किया



**नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को कहा कि सिर्फ भारत ने ही नेपाली जमीन पर कब्जा नहीं किया, बल्कि नेपाल ने भी कुछ भारतीय इलाकों पर कब्जा किया है। अब दोनों देशों को मिलकर इस मामले की जांच करनी चाहिए। बालेन पीएम बनने के 2 महीने बाद पहली बार नेपाली संसद को संबोधित कर रहे थे। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक, इस दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें इस बारे में जानकारी मिली। उनके बयान को लेकर विपक्षी दल नाराज हो गए हैं। नेपाली कांग्रेस और नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के कई सांसदों ने मांग की कि यह बयान संसद की कार्यवाही से हटाया**





## सिर्फ भारत ने हमारे इलाके नहीं कब्जाए, विपक्षी पार्टी बोली- बालेन सबूत दिखाएं

### प्रधानमंत्री के बयान से विवाद छिड़ा

भारत में नेपाल के पूर्व राजदूत दीप कुमार उपाध्याय ने भी कहा कि नेपाल द्वारा भारतीय जमीन पर अतिक्रमण का कोई रिकॉर्ड मौजूद नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत ने भी कभी आधिकारिक रूप से ऐसा मुद्दा नहीं उठाया है। नेपाल के पूर्व विदेश मंत्री प्रदीप ज्ञवाली ने भी शाह से माफी मांगने की मांग की है। सोशल मीडिया पर भी उनके बयान की आलोचना हो रही है। ढट बालेन शाह का बयान नेपाल के भीतर ही बहस और विवाद का विषय बन गया है, जबकि भारत की ओर से अभी तक इस पर कोई नई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## नेपाल भारत के इस हिस्से पर दावा करता है




## नेपाल का भारत के इन इलाकों पर कब्जा

**1 बिहार**
बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले की लगभग 7100 एकड़

**2 उत्तर प्रदेश**
लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, बहराइच और श्रावस्ती में करीब 500 एकड़

**3 उत्तराखंड**
चम्पावत जिले में करीब 12.4 एकड़

**नोट:** भारत के सशस्त्र सीमा बल (SSB) ने नेपाल के भारतीय जमीन पर कब्जे को लेकर 2010 से लेकर अब तक कई बार केंद्रीय गृह मंत्रालय को रिपोर्ट भेजी है।

## लिपुलेख मुद्दे पर ब्रिटेन से मध्यस्थता की अपील की

प्रधानमंत्री से भारत और चीन के बीच लिपुलेख और लिम्पियाधुरा के रास्ते होने वाले व्यापार को लेकर भी सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि विवाद का समाधान कूटनीतिक बातचीत से निकाला जाएगा। नेपाल इस मुद्दे पर भारत को राजनयिक नोट भेज चुका है और भारत की ओर से जवाब भी मिल चुका है।

उनके मुताबिक जवाब में बताया गया है कि भारत और नेपाल इतिहासकारों, सर्वे विशेषज्ञों और इलाके की जानकारी रखने वाले जानकार लोगों की टीमें बनाएंगे। ये टीमें बातचीत के जरिए सीमा विवाद का समाधान खोजने की कोशिश करेंगी।

शाह ने कहा-

हमने इस मुद्दे पर सिर्फ भारत और चीन से ही नहीं, बल्कि ब्रिटेन सरकार से भी बात की है। हमारा मानना है कि ब्रिटेन को भी इसमें दिलचस्पी लेनी चाहिए, क्योंकि यह विवाद उस समय से जुड़ा है जब ब्रिटिश शासन इस इलाके को छोड़कर गया था।

लिपुलेख, लिम्पियाधुरा और कालापानी का मुद्दा नेपाल में लंबे समय से संवेदनशील माना जाता है। जून 2020 में नेपाल की संसद ने एक नया नक्शा मंजूर किया था, जिसमें इन इलाकों को नेपाल का हिस्सा दिखाया गया था।

## पीएम ने पहली बार संसद को संबोधित किया

**नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन शाह ने रविवार को नेपाल की संसद को संबोधित किया है। इस साल मार्च में हुए चुनावों के बाद सत्ता संभालने के बाद यह पहला मौका है, जब नेपाल के प्रधानमंत्री शाह ने संसद में अपनी बात रखी है।**

दरअसल, विपक्षी दलों के सांसद लगातार मांग कर रहे थे कि प्रधानमंत्री संसद में आकर देश के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी बात रखें। इसके बाद बालेन शाह ने संसद को संबोधित किया और सांसदों के सवालों के जवाब दिए। नेपाल में मार्च 2026 में बालेन शाह के प्रधानमंत्री बनने के बाद से भारत और नेपाल के बीच पारंपरिक कूटनीतिक और रणनीतिक संबंधों में काफी बदलाव और असहजता देखी गई है।

## 4 घटनाएं जिसने भारत-नेपाल के रिश्ते पर असर डाला

1. लिपुलेख दर्रे से मानसरोवर यात्रा पर आपत्तिः भारत और चीन द्वारा लिपुलेख दर्रे के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने के फैसले पर बालेन शाह प्रशासन ने सख्त आपत्ति जताई। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोहराया कि 1816 की सुगौली संधि के अनुसार लिपुलेख, कालापानी और लिम्पियाधुरा नेपाल का अभिन्न अंग हैं।

2. भारतीय विदेश सचिव को मिलने का समय न देनाः मई 2026 में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री नेपाल के दौरे पर जाने वाले थे, ताकि वे प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से बालेन शाह को भारत आने का आधिकारिक न्योता दे सकें। लेकिन पीएम बालेन शाह ने भारतीय विदेश सचिव को मुलाकात का समय देने से इनकार कर दिया, जिसके कारण भारत को यह दौरा टालना पड़ा।

3. भारतीय राजदूत से अलग से शिष्टाचार मुलाकात न करनाः नेपाल में जब भी कोई नई सरकार बनती है, तो परंपरा के अनुसार वहां के नए पीएम भारतीय राजदूत से अलग से शिष्टाचार मुलाकात करते हैं। हालांकि, बालेन शाह ने भारतीय राजदूत से अलग मिलने के बजाय सभी विदेशी राजदूतों से एक साथ (सामूहिक रूप से) मुलाकात की। इससे नई दिल्ली को यह संदेश गया कि उनकी सरकार भारत को कोई विशेष या पारंपरिक तरजीह नहीं देना चाहती।

4. पहले वर्ष कोई विदेशी दौरा न करने की नीतिः नेपाल में आम तौर पर परंपरा रही है कि पद संभलाने के बाद प्रधानमंत्री भारत का दौरा करते हैं। लेकिन बालेन ने कार्यभार संभालते ही यह घोषणा कर दी कि वे अपने कार्यकाल के पहले वर्ष किसी भी देश के आधिकारिक दौरे पर नहीं जाएंगे।

■ वर्ष-12 अंक-208 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 01 जून, 2026

## सुभाषितानि

रविश्चन्द्रो घना वृक्षा नदी गावश्च सज्जनाः।
एते परोपकाराय युगे दैवेन निर्मिता॥

**भावार्थ** : सूर्य, चन्द्र, बादल, नदी, गाय और सज्जन - ये हरेक युग में ब्रह्मा ने परोपकार के लिए निर्माण किये हैं।

परोपकाराय फलन्ति वृक्षाः परोपकाराय वहन्ति नद्यः।
परोपकाराय दुहन्ति गावः परोपकारार्थ मिदं शरीरम्॥

**भावार्थ** : परोपकार के लिए वृक्ष फल देते हैं, नदीयाँ परोपकार के लिए ही बहती हैं और गाय परोपकार के लिए दूध देती हैं अर्थात् यह शरीर भी परोपकार के लिए ही है।


## सम्पादकीयम्

### सहमतिः निमार्तुं

अमेरिका-देशः वर्तमानकाले देशे स्थापितानां प्रतिबन्धानां निवारणं करिष्यति होर्मुज् जलसन्धिस्थः नाकाबन्दी अपि हता भविष्यति स्म। सहमतिः निमार्तुं : एषः सम्झौताः सम्बद्धानां पक्षद्वयस्य कृते किञ्चित् मूल्यवान् प्रददाति। यदि कस्मिन् अपि विषये सहमतिः प्राप्तुं कष्टानि उत्पद्यन्ते तर्हि तस्य विषयस्य भविष्यत्विमशेर्षु स्थगितुं विवेकः स्यात्। सम्प्रति पक्षयोः अपि अस्य विग्रहस्य दीर्घकालं यावत् भवितुं स्थितिः नास्ति। अपि च, केवलं युद्धविरामः-यस्मिन् अद्यापि होर्मुज्-नगरे नाकाबन्दी, जहाजानां लक्ष्यीकरणं च भवति-तथा पुनः किमपि सार्थकं प्रयोजनं न साधयिष्यति स्थायिशान्तिार्थं द्वयोः राष्ट्रयोः मध्ये स्थायिः स्थायिश्च सम्झौता अनिवार्यः अस्ति। चीनस्य लाभः अस्मिन् समये अमेरिकादेशेन अधिकं कूटनीतिकं दृष्टिकोणं स्वीकृतम्, तस्य प्रभावः च पूर्वमेव स्पष्टः अस्ति। डोनाल्ड ट्रम्पस्य 'परियोजना स्वतन्त्रता' इति स्थगितस्य निर्णयः एकः ध्वनिः कदमः अस्ति, यतः केवलं सैन्यबलद्वारा व्यापाराय होर्मुज् जलसन्धिस्य सुरक्षितता वस्तुतः असम्भवम् अस्ति। तथैव चीनस्य उपयोगेन इरान्-देशे वातायां कूटनीतिकदबावः करणीयः इति विवेकपूर्णा रणनीतिः। यद्यपि चीनदेशः अद्यापि अस्मिन् प्रकटितपरिदृश्ये केन्द्रस्थानं न गृहीतवान् तथापि अस्मिन् संघर्षे तस्य अपि महत् दावपेक्षया वर्तते। अमेरिकी-ईरान-युद्धस्य समाचारः : हॉर्मुज्-नियन्त्रणार्थं ट्रम्प-जिनपिङ्गयोः गुप्तसौदा! इरान्-देशे महत् विश्वासघातः जातः वा?

आशुतोष राणा नाटकस्य समये तरङ्ग

# सभागारस्य शॉर्ट सर्किट्; समये एव प्रमुखा आपदा निवारिता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

नगरस्य तरङ्ग-सभाशालायां शनिवासरे सायं प्रख्यातस्य अभिनेता आशुतोषराणा इत्यस्य लोकप्रियस्य नाटकस्य 'हमरे राम' इत्यस्य मञ्चनस्य समये मुख्यविद्युत्रेखायां आकस्मिकं शॉर्ट सर्किट् अभवत् तदा अराजकपरिस्थितिः प्रकटिता। एतस्य तान्त्रिकदोषस्य कारणेन-उच्चैः धमाकैः, स्फुलिङ्गैः च सह-समग्रसभाशालायाः विद्युत्प्रदायः अचानकं च्छिन्नः अभवत्, येन प्रेक्षकाणां मध्ये क्षणिकरूपेण आतङ्कस्य स्थितिः उत्पन्ना परन्तु विद्युत्विभागस्य कर्मचारिणां सजगतायाः, द्रुतकार्यस्य च कारणात सम्भाव्यं महतीं आपदा निवारिता, अल्पकाले एव सामान्यता पुनः प्राप्ता।

समाचारानुसारं आयोजनं महता उत्साहेन प्रचलति स्म, सभागारः प्रेक्षकैः क्षमतया परिपूर्णः आसीत्। अभिनेता आशुतोष राणा मञ्चे स्वस्य अभिनयेन प्रेक्षकान् मंत्रमुग्धं कुर्वन् आसीत्। अस्मिन् एव क्षणे तान्त्रिकनियन्त्रणक्षेत्रस्य समीपे स्थिते मुख्यविद्युत्रेखायां उच्चैः कोलाहलेन सह आकस्मिकं शॉर्ट सर्किट् अभवत् विस्फोटस्य शब्दं श्रुत्वा सभागारस्य सर्वाणि प्रकाशानि निष्क्रान्ताः, सम्पूर्णं सभागारं अन्धकारे निमज्जितवन्तः।

आकस्मिकविद्युत्विच्छेदेन प्रेक्षकाणां मध्ये संक्षिप्तकालं यावत् भ्रमस्य, आतङ्कस्य च स्थितिः उत्पन्ना। सभागारस्य उपस्थिताः जनाः-वीआईपी-दर्पणशालायां स्थिताः जनाः अपि- परस्परं घटनायाः स्वरूपस्य विषये पृच्छितुं आरब्धवन्तः। अस्मिन् कार्यक्रमे अनेके वरिष्ठाः प्रशासनिकाधिकारिणः, विद्युत्विभागस्य अधिकारिणः, नगरस्य प्रमुखाः नागरिकाः च उपस्थिताः आसन्। तस्य प्रतिक्रियारूपेण सुरक्षाप्रबन्धनस्य उत्तरदायी कर्मचारीः अधिकारिणः च तत्क्षणमेव कार्ये प्रविश्य स्थितिं नियन्त्रणे आनेतुं प्रयत्नाः आरब्धवन्तः।

प्रत्यक्षदर्शिनां मते शॉर्ट सर्किट्-काले कतिपयान् क्षणान् यावत् जनाः अग्निः प्रज्वलितुं शक्नुवन्ति इति भयम् अनुभवन्ति स्म। परन्तु स्थले उपस्थिताः विद्युत्विभागस्य क्षेत्रकर्मचारिणः मुख्यविद्युत्प्रदायात् दोषपूर्णं खण्डं पृथक कर्तुं शीघ्रं कार्यं कृतवन्तः। तदनन्तरं वैकल्पिकरेखाद्वारा विद्युत्प्रदायस्य पुनर्स्थापनस्य प्रक्रिया आरब्धा। कर्मचारिणां सतर्कतायाः कारणात् शॉर्ट सर्किट् इत्यस्य प्रभावः सीमितः एव अभवत्, अग्निप्रसारसम्बद्धः कोऽपि घटना अपि न अभवत्।

पुलिस-अधिकारिणः

# वदन्ति यत् प्रारम्भिक-अनुसन्धानेन ज्ञायते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इन्दौर

आधारेण शनिवासरे पुलिसैः अज्ञात-आरोपितानां विरुद्धं धोखाधड़ी-प्रकरणं पञ्जीकृतम्। पुलिस-अधिकारिणः वदन्ति यत् प्रारम्भिक-अनुसन्धानेन ज्ञायते यत् एषः साइबर-धोखाधडस्य अत्यन्तं गम्भीरः प्रकरणः अस्ति, यस्य निष्पादनं उच्चस्तरीय-तकनीकी-परिष्कारेण कृतम् अस्ति अन्वेषणसंस्थानां शङ्का अस्ति यत् साइबर अपराधिनः एपीके सञ्चिकायाः अथवा संदिग्धलिङ्कस्य उपयोगेन युवकस्य मोबाईलफोनं हैक कृतवन्तः स्यात्। एकदा दूरभाषस्य सम्झौता अभवत् तदा जालसाजकाः तस्य बैंक-अनुप्रयोगानाम्, ओटीपी-प्रणाल्याः च अनधिकृतप्रवेशं प्राप्तवन्तः, येन ते पीडितः किमपि सूचनां न प्राप्य व्यवहारं कर्तुं समर्थाः अभवन्।

साइबरविशेषज्ञाः चेतयन्ति यत्, अद्यतनकाले दुर्भावनापूर्णानां एपीके-सञ्चिकानां, धोखाधड़ी-मोबाईल-अनुप्रयोगानाम् उपयोगेन बैंक-खातानां अनधिकृत-प्रवेशस्य प्रकरणानाम् तीव्र-उत्थानम् अभवत् प्रायः जालसाजकाः व्हाट्सएप, टेलिग्राम, एसएमएस वा माध्यमेन लिङ्कं प्रेषयन्ति; यस्मिन् क्षणे उपयोक्ता एतादृशं लिङ्कं डाउनलोड् करोति तस्मिन् क्षणे तेषां मोबाईल-यन्त्रस्य नियन्त्रणं अपराधिनां हस्ते पतति। तदनन्तरं साइबरअपराधिनः बैंकिंग् एप्स्, सन्देशाः, एकवारं गुप्तशब्दाः अपि प्राप्नुवन्ति। इदानीं इन्दौर-नगरस्य तिलकनगर-पुलिस-स्थानस्य अधिकारक्षेत्रे साइबर-धोखाधडस्य अपरः प्रकरणः उद्धृतः अस्ति। पुलिसस्य अनुसारं किरण मुआला नामिका महिला तस्याः बैंकखातेः साइबर अपराधिनः 125,000 धनं निष्कासितवन्तः इति आरोपं कृतवती अस्ति। उभयघटनाभिः नगरस्य अन्तः ऑनलाइन-बैङ्किंग-सुरक्षायाः विषये चिन्ता अधिका अभवत्।

# स्पष्टीकरोति स्म यत् एतस्य मानसूनवृष्ट्या वा छतद्वारा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे

यत् एषा घटना २०२६ तमस्य वर्षस्य मे-मासस्य २१ दिनाङ्के सायं प्रायः सायं ६:४० वादने अभवत सः अवदत् यत् एकस्य कोचस्य एसी-एककस्य अन्तः अति-सघनीकरणस्य स्थितिः विकसिता अस्ति। फलतः एककस्य अन्तः जलं सञ्चितं जातम्, येन कतिपयानि बिन्दवः अधः स्रवन्ति स्म। सः स्पष्टीकरोति स्म यत् एतस्य मानसूनवृष्ट्या वा छतद्वारा प्रवहमानजलेन सह किमपि सम्बन्धः नास्ति। ताम्ब्वेकरस्य मते रेलसञ्चालकस्य जलसञ्चयस्य विषये अवगतमात्रेण ते तत्क्षणमेव अनुरक्षणकमाण्डकेन्द्रं सचेष्टवन्तः। प्रभावितं एसी-एककं शीघ्रमेव निष्क्रियं कृतम्, तस्मात् जलस्य लीकं स्थगितम्। अधिकारिणः अवदन् यत् सम्पूर्णः तान्त्रिकः विषयः प्रायः ३९ निमेषेषु एव निराकृतः।

## राशिफल

**मेष** : 1 जून का दिन कामकाज में व्यस्तता लेकर आ सकता है। कुछ जरूरी काम समय पर पूरे हो सकते हैं।

**वृषभ** : 1 जून को दिन सामान्य रहेगा। रोजमर्रा के काम आसानी से निपट सकते हैं। परिवार में किसी बात को लेकर चर्चा हो सकती है।

**मिथुन** : 1 जून को भागदौड़ थोड़ी ज्यादा रह सकती है। एक साथ कई काम आने से व्यस्तता बनी रहेगी।

**कर्क** : 1 जून का दिन पहले से बेहतर रह सकता है। घर का माहौल अच्छा रहेगा। परिवार के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा।

**सिंह** : 1 जून को आपका आत्मविश्वास अच्छा रहेगा। जिस काम को करने की सोच रहे हैं, उसमें आगे बढ़ सकते हैं।

**कन्या** : 1 जून को धैर्य बनाए रखना जरूरी होगा। जल्दबाजी में लिया गया फैसला परेशानी बढ़ा सकता है।

**तुला** : 1 जून को काम का दबाव थोड़ा बढ़ सकता है, लेकिन आप उसे संभाल लेंगे। परिवार के लोगों का साथ मिलेगा।

**वृश्चिक** : 1 जून का दिन सामान्य रहेगा। कामकाज चलता रहेगा और कुछ नई जिम्मेदारियां भी मिल सकती हैं।

**धनु** : 1 जून का दिन सामान्य रहेगा। किसी नए व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। कामकाज में धीरे-धीरे प्रगति होती दिखेगी।

**मकर** : 1 जून को कोई रुका हुआ काम आगे बढ़ सकता है। दिनभर व्यस्तता बनी रह सकती है। परिवार के साथ समय अच्छा बीतेगा।

**कुंभ** : 1 जून का दिन अच्छा गुजर सकता है। काम में मन लगा रहेगा। किसी पुराने दोस्त या परिचित से बात हो सकती है।

**मीन** : 1 जून को मन प्रसन्न रह सकता है। घर-परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। कामकाज में ज्यादा परेशानी नहीं दिखती।

## ज्योतिष/वास्तु

# जून में वैधृति योग से बदलेगा भाग्य, 4 राशियों को मिलेगा बड़ा लाभ

जून 2026 में बनने वाले वैधृति योग के समय और उसके ज्योतिषीय प्रभाव की जानकारी यहां दी गई है। यह योग कुछ राशियों के लिए शुभ फल लेकर आता है, जिससे करियर, व्यापार और आर्थिक जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

द्रिक पंचांग के अनुसार जून 2026 में वैधृति योग का निर्माण एक विशेष ज्योतिषीय संयोग के रूप में होने जा रहा है। यह योग 4 जून 2026 को शाम 6 बजकर 9 मिनट पर बनेगा और लगभग 7 घंटे तक प्रभावी रहेगा, जो 5 जून 2026 की सुबह 12 बजकर 55 मिनट तक चलेगा। वैदिक ज्योतिष में वैधृति योग को महत्वपूर्ण माना जाता है,




जिसका प्रभाव जीवन के विभिन्न क्षेत्रों पर देखने को मिलता है। इस दौरान कुछ राशियों के लिए समय विशेष रूप से शुभ साबित हो सकता है, जिससे घर-परिवार, आर्थिक स्थिति और जीवन की समस्याओं में सकारात्मक बदलाव आने की संभावना रहती है।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के जातकों के लिए वैधृति योग का बनना काफी शुभ माना जा रहा है। इस दौरान घर में किसी शुभ कार्य के होने से पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा और सभी सदस्यों के बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। लंबे समय से चल रहे पुराने विवाद समाप्त हो सकते हैं, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। साथ ही नया व्यवसाय शुरू करने के लिए यह समय अनुकूल रहेगा और इससे अच्छा लाभ मिलने के संकेत हैं।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए वैधृति योग का प्रभाव सकारात्मक रहने वाला है। इस दौरान यदि घर में कोई विवाह योग्य सदस्य है तो उसके विवाह की बात आगे बढ़ सकती है या रिश्ता तय होने की संभावना बन सकती है। कार्यक्षेत्र में भी स्थिति बेहतर होगी और नए अनुबंध या अवसरों से आर्थिक लाभ मिलने के योग बन रहे हैं। जीवन में स्थिरता और प्रगति देखने को मिल सकती है। करने वाला रहेगा।

**धनु राशि–** धनु राशि के जातकों के लिए वैधृति योग का समय शुभ फल देने वाला हो सकता है। इस अवधि में व्यक्तिगत जीवन में सकारात्मक बदलाव आने की संभावना है और किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है। स्वास्थ्य में सुधार देखने को मिलेगा और आर्थिक स्थिति भी धीरे-धीरे मजबूत होने लगेगी। मन में चल रही अनिश्चितता कम होगी और जीवन में संतुलन बढ़ेगा।

**मीन राशि–** मीन राशि के जातकों के लिए वैधृति योग विशेष रूप से लाभकारी साबित हो सकता है। जो लोग लंबे समय से किसी काम में सफलता नहीं पा रहे थे, उन्हें अब अच्छे परिणाम मिलने लगेंगे। कार्यक्षेत्र और निजी जीवन दोनों में सुधार देखने को मिलेगा। स्वास्थ्य में भी सकारात्मक बदलाव आएगा और घर-परिवार की स्थिति पहले से बेहतर होगी। यह समय आत्मविश्वास बढ़ाने वाला और नई शुरूआत के लिए प्रेरित करने वाला रहेगा।

## खबर एक नजर...

### क्षिप्रा नदी लालपुल से मिला नवजात शिशु का शव

**उज्जैन।** क्षिप्रा नदी लालपुल के पास नवजात (बालक) का शव पानी में दिखाई देने पर कुछ लोगों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। महाकाल थाना एएसआई शंकरलाल कनौजिया मौके पर पहुंचे और शिशु का शव बाहर निकाला गया। शिशु के पेट की नाल पर अस्पतालों में लगने वाला क्लीप लगा हुआ था। मामले में मर्ग कायम किया गया और पोस्टमार्टम के बाद शव को दफना दिया गया। एएसअई कनौजिया के अनुसार आपास लगे कैमरों के फुटेज भी देखे गये, लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। संभवाना है कि शिशु पानी में किसी ओर स्थान से बहता हुआ लालपुल क्षिप्रा नदी तक पहुंचा होगा। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

### मकान की दिवार गिरने से दबा 14 साल का बालक

**उज्जैन।** भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम नानाखेड़ी में शनिवार को मकान की दिवार गिर गई। जिसके मलबे में बालक दब गया। उसे बाहर निकालकर अस्पताल लाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। एएसआई रामचंद्र व्यास ने बताया कि सूचना मिलने पर मर्ग कायम किया गया। बालक का नाम आकाश पिता मुकेश 14 साल सामने आया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। घटनास्थल की जांच में मकान कच्चा होना सामने आया। आसपास के लोगों को कहना था कि शुक्रवार सुबह हुई बारिश और दिन में चली हवा की वजह से मकान की दीवार गिरी है। एएसआई व्यास के अनुसार परिवार और आसपास रहने वालों के बयान दर्ज कर जांच शुरू की जायेगी।

### तेजगति से आये कार चालक ने युवक को कुचला

**उज्जैन।** ग्राम जहांगीरपुर में रहने वाला विशाल पिता सुरेश परमार 18 साल शाम को घर के बाहर बैठा हुआ था। उसी दौरान तेजगति से नागदा की ओर से आ रहे कार चालक ने उसे कुचल दिया। दुर्घटना के बाद विशाल गंभीर घायल हो गया। चालक कार छोड़कर भाग निकला। घायल को परिजन उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर होने पर भर्ती किया। दुर्घटना की खबर मिलने पर इंगोरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर मिली कार को जप्त किया गया और नम्बर के आधार पर चालक की तलाश शुरू की गई। बताया जा रहा है कि कार देपालपुर के रहने वाले व्यक्ति के नाम पर रजिस्टर्ड है। जिसका पता लगाया जा रहा है।

### बीड़ी नहीं देने पर 3 युवकों ने वृद्ध से की मारपीट

**उज्जैन।** शनिवार रात संजयनगर में रहने वाला केशव प्रसाद पिता बालचंद 65 साल पैदल आगररोड स्थित शराब दुकान गया था। जहां से शराब पीने के बाद वापस लौट रहा था। उसी दौरान गरोठ ब्रिज के नीचे उसे 3 युवकों ने रोक लिया और बीड़ी मांगने लगे। केशव प्रसाद ने बीड़ी देने से मना किया तो युवकों ने मारपीट कर पत्थर से सिर फोड़ दिया। लोगों की मदद से घायल वृद्ध को अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। मामले में घायल के बयान दर्ज कर चिमनगंज थाना पुलिस युवकों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### गमला फेंककर युवकों ने फोड़ा खड़ी आटो का कांच

**उज्जैन।** रामीनगर में घर के बाहर खड़ी आटो का कांच रविवार दोपहर कुछ युवकों द्वारा गमला फेंककर फोड़ दिया। आटो चालक दिलीप पिता लक्ष्मीनारायण जाधव की पत्नी अमृता से अभद्रता भी की। घटनाक्रम के बाद दिलीप और उसकी पत्नी माधवनगर थाने पहुंचे। चालक दिलीप ने बताया कि एक माह पहले घर के समाने आटो खड़ी करने पर क्षेत्र में किराये से रहने वाले विजय बारोड की बाइक गिर गई थी। जिसको लेकर विवाद हुआ था। बाइक का इंडीगेटर टूटा था, जिसे ठीक कराने की बात कहीं थी, लेकिन दूसरे दिन पत्नी की तबीयत खराब होने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। जिसके चलते बाइक का इंडीगेटर ठीक नहीं करा सका था। दोपहर में विजय 3-4 साथियों के साथ आया और आटो का कांच फोड़ दिया। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है।

2 3 8

### उन्हेल में हुई हत्या का पर्दाफाश, टीम को मिलेगा इनाम

# पत्नी ने रची थी साजिश, प्रेमी ने मारा था जान से

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उन्हेल में शनिवार सुबह खेत में मिली लाश का मामला हत्या का सामने आने के बाद पुलिस ने चंद घंटों में आरोपियों का सुराग लगा लिया और रविवार को मामले का पदार्फाश कर दियाा। पत्नी ने मायके में बैठ साजिश रची थी और प्रेमी ने शराब पिलाने के बाद जान से मार दिया था।

नागदा-उन्हेल सीएसपी विक्रम अहिरवार ने बताया कि शनिवार सुबह ग्राम पिपलिया डाबी स्थित खेत में एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना पर थाना प्रभारी संतोष चौहान टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे। मृतक के सिर पर चोंट का निशान था। मृतक की पहचान भारत पिता भगवानसिंह राजपूत के रूप में हुई। खेत भी उसी का होना सामने आया। एफएसएल जांच के बाद हत्या का प्रकरण दर्ज किया और आरोपियों को सुराग तलाशने के लिये थाना प्रभारी संतोष चौहान के मार्गदर्शन में एसआई एमएल मालवीय, प्रधान प्रधान आरक्षक रामेश्वर पटेल, महेन्द्र मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक शर्मिष्ठा शुक्ला, प्रेम सबरवाल, आरक्षक अखिलेश, संजीव,



कृपाशंकर की टीम बनाई गई। शाम को पता चला कि हत्या में मृतक की पत्नी सोनाकुंवर और पडोस में रहने वाला दूर का देवर जितेन्द्र पिता सुरेसिंह राजपूत शामिल है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चला आ रहा है। मृतक के अंतिम संस्कार के बाद रात में दोनों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई तो हत्या के घटनाक्रम का पदार्फाश हो गया। हत्या की साजिश पत्नी ने रची थी और प्रेमी ने पत्थर से हमला कर जान से मारा था।

थाना प्रभारी चौहान के अनुसार फिलहाल दोनों से पूछताछ जारी है। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया जायेगा।

**बच्चों के साथ मायके में थी सोनाकुंवर-** दोनों के गिरफ्त में आने पर सामने आया कि सोनाकुंवर 10 और 12 साल के बेटों को लेकर 3 माह पहले मायके मोलीखेड़ी इंगोरिया चली गई थी और जितेन्द्र के संपर्क में थी। भारतसिंह सोनाकुंवर से मारपीट करता था और जमीन बेचना चाहता था। जिसके चलते सोनाकुंवर ने साजिश रची ताकि जमीन उसके नाम हो जाये और रास्ते का कांटा पति भी निकल जाये। उसने जितेन्द्र को पति का निपटाने की बात कहीं। जितेन्द्र के द्वारा हत्या को अंजाम देने के बाद सुबह सूचना मिलने पर सोनाकुंवर भाईयों के साथ पिपलिया डाबी ससुराल आई और पति की मौत का शौक मनाया। जितेन्द्र पड़ोसी होने के साथ दूर का रिश्तेदार होने पर भी अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुआ।

**चंद घंटे में खुलासे पर इनाम-** अंधाकत्ल प्रतीत हो रहे मामले का उन्हेल थाना पुलिस द्वारा चंद घंटे में सुराग तलाशने और साजिश रचने वाली पत्नी के साथ हत्या करने वाले आरोपी प्रेमी को गिरफ्तार कर मामले का पदार्फाश करने वाली टीम को एसपी प्रदीप शर्मा द्वारा 10 हजार का इनाम देने की घोषणा की गई है।

### हत्या के पहले शराब लेकर आया था जितेन्द्र

थाना प्रभारी चौहान के अनुसार हत्या करने वाला जितेन्द्र उन्हेल में गजराज मेडिकल का संचालन करता है। मृतक की पत्नी के साथ 5 सालों से उसका प्रेम प्रसंग चला आ रहा था। मृतक भारत शराब पीने का आदी था और पत्नी के साथ मारपीट करता था। जिसके चलते पत्नी और प्रेमी ने साजिश रची। 29 मई की देर शाम जितेन्द्र मेडिकल बंद कर पिपलिया डाबी लौट रहा था। रास्ते में उसे भारत मिल गया। इस दौरान शराब पीने की बात हुई। जितेन्द्र शराब लेने उन्हेल गया और भारत को खेत पर रूकने का बोला। कुछ देर बाद 2 बीयर और देशी शराब लेकर लौटे जितेन्द्र ने खेत पर भारत के साथ शराब पी। भारत को नशा अधिक होने के बाद जितेन्द्र ने रात 10 बजे के लगभग पत्थर से हमला कर जान से मार दिया।

## महाकाल दर्शन कर लौट रहे दिल्ली के परिवार से रेलवे वेटिंग रूम में मारपीट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकाल दर्शन कर लौट रहे परिवार के साथ रविवार शाम रेलवे स्टेशन पर वेटिंग रूम में 10 से 12 युवको द्वारा मारपीट की गई। परिवार का एक सदस्य घायल हुआ है। जिसका उपचार चरक में जारी है। जीआरपी ने मामले में कुछ युवकों को पकड़ा है।

दिल्ली के नफजगढ़ से देवेन्द्रसिंह अपनी पत्नी गीता और 2 पुत्र हर्ष और हर्षित के साथ महाकाल दर्शन करने शनिवार को उज्जैन आये थे। दर्शन के बाद रविवार शाम वापस लौटने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। जहां परिवार वेटिंग रूम में ट्रेन आने का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान कुछ युवक वेटिंग रूम में आये और चेयर पर बैठे परिवार से उठने के लिये कहा। इसी बात पर देवेन्द्रसिंह का उनसे विवाद हो गया। युवकों ने पुत्र हर्षित का थप्पड़ मार दिया। यह देख बड़ा भाई हर्ष और पिता देवेन्द्र विरोध के लिये खड़े हो गये। युवकों ने अपने साथियों को बुला लिया और पूरे परिवार के साथ मारपीट शुरू कर दी। वेटिंगरूम में हुई मारपीट से अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीम पहुंची। मारपीट करने वाले 2 से 3 युवकों को पकड़ा गया, वहीं अन्य भाग निकले थे। घटनाक्रम में हर्ष को सिर में चोंट लगी थी। जिसे जीआरपी ने उपचार के लिये चरक अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चोंट का परीक्षण करने के बाद उसे भर्ती कर लिया। बताया जा रहा है कि दिल्ली से आये परिवार के साथ मारपीट करने वाले दाहोद गुजरात के युवक है। जिसमें अनुज और एक अन्य को पकड़ा गया है। जीआरपी के अनुसार घायल के अस्पताल पहुंचकर बयान दर्ज किये जायेगें और मामला दर्ज किया जायेगा। मारपीट वेटिंगरूम में लगी चेयर पर बैठने की बात पर होना सामने आई है।

## कुख्यात बदमाश को जेल से लाई नीलगंगा पुलिस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मौसेरे भाईयों को एमडी ड्रग्स उपलब्ध कराने वाले कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर को नीलगंगा पुलिस 2 दिनों की पूछताछ के लिये प्रोटेक्शन रिमांड पर जेल से लेकर आई है। कुख्यात बदमाश को राजस्थान ले जाया गया है। जहां ड्रग्स सप्लायरों की तलाश जारी है।

**मौसेरे भाईयों के पास मिली थी 25 ग्राम ड्रग्स**

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि 19 अप्रैल की रात वाकणकर ब्रिज के पास पार्किंग से नमन उर्फ नवीन पिता हरनामसिंह गुर्जर और उसके भाई चंद्रशेखर गुर्जर को पकड़ा गया था। जिनके पास से 25 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई थी। दोनों नशा करने वालों को बेचने के लिये निकले थे। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज कर 2 दिनों की रिमांड पर पूछताछ की गई थी। इस दौरान दोनों ने कबूल किया था कि उन्हे ड्रग्स मौसेरा भाई रौनक गुर्जर, अनमोल गुर्जर और रोशन गुर्जर उपलब्ध करते थे। उस दौरान रौनक गुर्जर फर्जी गोलीकांड में फरार था। वहीं रोशन गुर्जर अपनी पूर्व पत्नी को धमकाने के मामले में फरार चल रहा है। अनमोल गुर्जर ने भी देवासगेट क्षेत्र में गोली चलाई थी, जो फरार चल रहे है। फर्जी गोलीकांड में चिमनगंज थाना पुलिस ने रौनक गुर्जर को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। थाना प्रभारी के अनुसार उसकी तलाश ड्रग्स मामले में थी, जिसके चलते उसे 2 दिनों की प्रोटेक्शन रिमांड पर लाया गया है, उसने ड्रग्स राजस्थान के डग बडौद से लाना बताया। एक टीम राजस्थान भेजी गई है। जहां ड्रग्स सप्लायरों की तलाश जारी है। सोमवार दोपहर प्रोटेक्शन रिमांड खत्म होने पर उसे कोर्ट में पेश कर दोबारा जेल भेजा जायेगा। रोशन और अनमोल की गिरफ्तारी होने पर उनसे भी मादक पदार्थ तस्करी के मामले में पूछताछ होगी।

### 1.39 करोड़ में किया था 12 बीघा जमीन का सौदा

# जमीन का फर्जी मालिक बन 36 लाख की धोखाधड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जमीन का फर्जी मालिक बनकर एक व्यक्ति ने दलाल के माध्यम से धोखाधड़ी को अंजाम दिया। दोनों ने 1.39 करोड़ में 12 बीघा जमीन का सौदा किया था और अनुबंध के रूप में 35 लाख लिये थे। दोनों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है।

माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि ग्राम मानपुरा के रहने वाले रविन्द्रसिंह तवंर द्वारा शिकायत दर्ज कराई कि उसने कुछ माह पहले अपनी जमीन डेढ़ करोड़ में बेची थी। उसे नई जमीन की तलाश थी।




इसी दौरान उसकी मुलाकात दलाल मंगलसिंह से हुई। उसने घट्टिया तहसील के ग्राम सलामता में जमीन दिखाने के लिये कहा। रविन्द्रसिंह अपने भतीजे के साथ जमीन देखने पहुंचा। जहां मोबाइल पर उक्त जमीन का खसरा नम्बर देखा गया। जो दिलीपसिंह के नाम पर था। जमीन का सौदा तय करने की बात मंगलसिंह से की गई। उसने एक दिन बाद दिलीपसिंह से मुलाकात कराई और सौदा 1 करोड़ 39 लाख में तय हो गया। इस दौरान दिलीपसिंह के खाते में 95 हजार का ट्रांजेक्शन किया गया। 9 मई को रजिस्ट्रार कार्यालय भरतपुरी में अनुबंध कराया गया और 10 लाख रुपए नगद के साथ 25 लाख का चैक दिया गया। जमीन का सौदा होने पर रविन्द्रसिंह के परिवार ने जमीन दिखाने की बात कही। परिवार ग्राम सलामता पहुंचा। जहां गांव वालों से पूछताछ कर दिलीपसिंह के घर पहुंचे। दिलीपसिंह सामने आया तो वह दूसरा व्यक्ति था। उससे जमीन का सौदा करने की बात कही तो उसने जमीन बेचने की बात से इंकार किया। रविन्द्र ने दलाल से संपर्क किया और वह गायब हो गया। अपने साथ फर्जी जमीन मालिक बनकर हुई धोखाधड़ी की शिकायत करने पर फर्जी दिलीपसिंह और दलाल मंगलसिंह के खिलाफ 36 लाख की धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि रात में दोनों की तलाश में एक टीम रवाना की गई थी। संभावना है कि आज दोनों आरोपी गिरफ्त में आ सकते है। जिनसे पूछताछ के बाद मामले का खुलासा किया जायेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com